


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 144

ग्वालियर, बुधवार, 14 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## प्रदेश को लंबी बारिश का करना होगा इंतजार

# हमें भिगाने वाले बादल गुजरात चले गए हैं, हवा की दिशा और गर्मी ने रोका बारिश का रास्ता

भोपाल, ब्यूरो

जिस सिस्टम से पूरे मध्यप्रदेश में झमाझम होने वाला था, वह काफी तेजी से मूव करके गुजरात पर छा गया। इसकी वजह हवा की दिशा और तापमान में बढ़ोतरी है। यही कारण रहा कि इंदौर सहित पूरे प्रदेश में एक साथ घटाएं छा कर बरस नहीं सकीं। आधा जुलाई बीतने को आया, लेकिन अभी भी बारिश टुकड़ों में हो रही है। एक और सिस्टम 18-19 जुलाई को डेवलप हो रहा है। इससे झमाझम की आस है। मौसम विभाग ने 11 जुलाई से प्रदेश भर में अच्छी बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन बारिश तो हवा में उड़ गई। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि तापमान में बढ़ोतरी के साथ हवाओं की गति और बदलती दिशा के कारण बारिश एक जैसी नहीं हो पा रही। अभी कुछ दिन पूरे प्रदेश में बारिश तो होती रहेगी, लेकिन टुकड़ों में। वहीं, मौसम वैज्ञानिक एके शुक्ला का कहना है कि एक कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी में दक्षिणी ओडिशा और उत्तरी आंध्रप्रदेश के तट पर बन गया है। इसके अलावा दो सिस्टम और बने हैं, जो मौसम को प्रभावित कर रहे हैं।

### मानसून तो पूरे प्रदेश में एक्टिव, लेकिन इस कारण नहीं बरस रहे

मौसम एक्सपर्ट डीपी दुबे ने बताया कि पूरे प्रदेश को पानी तो मिलेगा, लेकिन अभी झमाझम बारिश की संभावना ज्यादा नहीं है। इसका कारण बंगाल की खाड़ी में जिस सिस्टम से प्रदेश को भिगोने की संभावना बनी थी। वह काफी तेजी से मूव हुआ और गुजरात की ओर बढ़ गया। दो दिन पहले मानसून झारखंड के ऊपर था। रविवार को वह छत्तीसगढ़ और



मप्र को क्रॉस करते हुए गुजरात की ओर बढ़ गया। यह तेजी से बढ़ने के साथ कमजोर भी हो गया है। पूरा सिस्टम अभी गुजरात में है। अभी अरब सागर से जो नमी आ रही है, उसी के कारण बारिश हो रही है। मानसून तो एक्टिव है, लोकल सिस्टम से ही अभी बारिश होती रहेगी। यही कारण है कि बारिश टुकड़ों में हो रही है। बारिश के नहीं होने का सबसे बड़ा कारण हवा की दिशा है। यह लगातार बदलती जा रही है। बंगाल की खाड़ी में एक और सिस्टम डेवलप हो रहा है, लेकिन यह भी मप्र के नीचे से मूव कर रहा है। यह ओडिशा से विदर्भ और फिर गुजरात की ओर बढ़ जाएगा। बारिश तो मिलती रहेगी, लेकिन अभी 4-5 दिन तेज बारिश की संभावना ज्यादा नहीं है। अभी नार्थ, ईस्ट एमपी की जगह साउथ एमपी में ज्यादा बारिश होगी। 18-19 जुलाई को एक और सिस्टम डेवलप हो रहा है। इससे तेज बारिश की उम्मीद है। यह सिस्टम बाद में महाराष्ट्र और फिर गुजरात की ओर बढ़ जाएगा। मौसम एक्सपर्ट एचएल कपाड़िया ने बताया कि हवा की दिशा और उसकी गति के साथ ही अधिकतम तापमान में कमी नहीं आने के कारण प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद एक जैसा बरस नहीं पा रहा है। हवा की गति हर घंटे बदल रही है। अभी हवा दक्षिणी- पश्चिमी हो गई है। तेज हवा के कारण कम दबाव का क्षेत्र नहीं बन पा रहा है। आद्रता भी अभी ज्यादा है। इस कारण हवा में नमी भी नहीं आ पा रही है। मानसून अभी चार दिन सक्रिय है। विभाग ने इंदौर के लिए 13 जुलाई को 26, 14 को 55 और 15 को 104 जबकि 16 जुलाई को 51 मिलीमीटर बारिश की संभावना है। हालांकि यदि हवा की गति बदली तो इसमें फेरबदल हो सकता है। अभी हवा की गति 30 किमी से ज्यादा था। यही वजह रही कि रविवार को धार, बड़नगर सहित कुछ इलाकों में तो तेज बारिश हुई, लेकिन इंदौर में कम दबाव का क्षेत्र नहीं बन पाया और बारिश उतनी तेज नहीं गिर पाई।



## पूर्व क्रिकेटर यशपाल शर्मा का हार्टअटैक से निधन

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर यशपाल शर्मा का निधन हो गया है। 66 साल की उम्र में हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ है। जानकारी के मुताबिक, यशपाल शर्मा सुबह मॉनिंग वॉक के लिए निकले थे। जब लौटे थे सीने में दर्द की शिकायत की और अस्पताल ले जाया जाता, इससे पहले ही उनका निधन हो गया। यशपाल शर्मा 1983 में वर्ल्ड चैम्पियन बनने वाली टीम का हिस्सा थे। यशपाल शर्मा मूल रूप से पंजाब के लुधियाना से थे। उनका जन्म 11 अगस्त 1954 को हुआ था। 70 और 80 के दशक में उनकी भूमिका मध्यम क्रम के धाकड़े बल्लेबाज की रही। हाल के दिनों में उन्होंने क्रिकेट एक्सपर्ट की भूमिका निभाई। यशपाल शर्मा को याद करते हुए कपिल देव भावुक हो गए। एक टीवी चैनल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कपिल देव ने कहा, वी लव यू यश। इसी तरह सभी पूर्व क्रिकेटरों ने यशपाल शर्मा को याद किया। 1983 में विश्व विजेता टीम का हिस्सा रहे अधिकांश क्रिकेटरों ने भावुक श्रद्धांजलि दी है। कपिल देव ने कहा, मुझे तो अभी भी लग रहा है कि ये सच नहीं है। अभी हम पिछले हफ्ते मिले थे और बहुत ही अच?छे स?वभाव में थे, खेल-कूद रहे थे हम सब मिलकर। भगवान की जो मर्जी से है, उससे हम लड़ नहीं सकते। हां भगवान को आज पूछेंगे जरूर कि ऐसा मत करो। यशपाल शर्मा के निधन पर सचिन तेंडुलकर का ट्वीट- सचिन तेंडुलकर ने लिखा, यशपाल शर्मा जी के निधन से स्तब्ध और गहरा दुख हुआ। 1983 विश्व कप के दौरान उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखने की यादें ताजा हैं। भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। पूरे शर्मा परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

## इराक में कोविड अस्पताल में आग, 44 लोगों की मौत

**इराक, एजेंसी।** इराक के दक्षिणी शहर नसीरिया में अल-हुसैन कोविड हॉस्पिटल में सोमवार को भीषण आग लग गई। इसमें 2 स्वास्थ्यकर्मियों समेत 44 लोगों की मौत हो गई और 67 लोग घायल हो गए। आग पर काबू पा लिया गया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आग कोविड वार्ड में एक ऑक्सीजन टैंक में विस्फोट की वजह से लगी। इस हादसे के बाद प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी ने वरिष्ठ मंत्रियों की बैठक बुलाई। इसमें नसीरिया हॉस्पिटल के सुरक्षा प्रबंधकों को सस्पेंड करने और उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया। हादसे के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कोविड अस्पताल से जलते हुए शवों को बाहर निकाला।

## नेपाल के कार्यवाहक PM केपी शर्मा ओली ने दिया इस्तीफा

**विपक्षी नेता शेर बहादुर देउबा नए प्रधानमंत्री के तौर पर लेंगे शपथ**



**काठमांडू।** नेपाल के कार्यवाहक प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद अब विपक्षी नेता शेर बहादुर देउबा नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। ओली ने अपने एक बयान में कहा कि वो अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं जिसके चलते उन्होंने इस्तीफा दे दिया। अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए, राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी को देउबा को अब कार्यवाहक प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, कार्यक्रम के समय की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

### मई में दायर की थी याचिका

गौरतलब है कि, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के कुल 146 सदस्य बीती 24 मई को सुप्रीम कोर्ट एक याचिका लेकर पहुंचे थे। जिसमें मांग की गई थी कि शेर बहादुर देउबा को प्रधानमंत्री के तौर पर नियुक्त कर सदम को फिर से बहाल किया जाए। अदालत में दायर की गई याचिका में नेपाली कांग्रेस के प्रतिनिधि सभा के 61 सदस्य, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के 49 सदस्य, सीपीएन-यूएमएल के माधव नेपाल गुट के 23 सदस्य, उपेंद्र यादव-बाबूराम भट्टराई जनता समाजवादी पार्टी के 12 सदस्य और राष्ट्रीय जनमोर्चा नेपाल से एक सदस्य शामिल था।

### देश में सियासी घमासान

मई के महीने में प्रधानमंत्री के पद का दावा करते हुए, देउबा ने 149 सांसदों के हस्ताक्षर पेश किए थे। ताकि यह साबित हो सके कि उन्होंने नई सरकार का नेतृत्व करने के लिए बहुमत हासिल कर लिया है, लेकिन अब देउबा को 23 वोटों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। जो कि उन्हें पहले माधव नेपाल के सीपीएन-यूएमएल से प्राप्त था। जिसके चलते नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने अनुच्छेद 76 (5) और सदन के विघटन के तहत देउबा को नई सरकार बनाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। वहीं, 10 मई को सदन में ओली विश्वास मत हासिल करने में विफल रहे थे। जिसके बाद राष्ट्रपति ने 13 मई को संविधान के अनुच्छेद 76 (3) के तहत सदन में सबसे अधिक सदस्यों वाली पार्टी का नेता ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया था।

**टोक्यो ओलंपिक जाने वाले खिलाड़ियों से पीएम मोदी ने की बात**

# अपेक्षाओं के बोझ तले दबने की जरूरत नहीं: पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए टोक्यो ओलंपिक में जाने वाले खिलाड़ियों से बात की। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक खिलाड़ी से जुड़ी कहानियों को साझा करते और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरा देश उनका समर्थन कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान तीरंदाज दीपिका कुमारी मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, प्रतिभाशाली निशानेबाजों सौरभ चौधरी औ इलावेनिल वलारिवन के अलावा अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी ए शरथ कमल समेत अन्य खिलाड़ियों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपको अपेक्षाओं के बोझ तले दबने की जरूरत नहीं है, आप बस अपना 100त्न दें। उन्होंने सिंधु के माता-पिता से भी बात की और उनकी बेटी की सफलता की यात्रा के दौरान उनका समर्थन करने के लिए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने तीरंदाज दीपिका कुमारी से बात करते हुए कहा कि पेरिस में आपकी उपलब्धि के बाद देश आपके बारे में बात कर रहा है। अब आप दुनिया के नंबर 1 हैं। बहुत खास है आपका सफर। दीपिका ने कहा उनका सफर शुरुआत से ही अच्छा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने तीरंदाजी बांस के धनुष से शुरू की और फिर धीरे-धीरे आधुनिक धनुष की ओर बढ़ गईं। उन्होंने कहा कि हमसे उम्मीदें हैं, लेकिन सबसे ज्यादा उम्मीद खुद से की जाती है। इसलिए, मैं अपने अभ्यास और जिस तरह से मैं प्रदर्शन करूंगी उसपर ध्यान केंद्रित कर रही हूं।

### मैरी कॉम से उनके पसंदीदा मुक्केबाज के बारे में पूछा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम से उनका पसंदीदा मुक्केबाजी पंच और उनका पसंदीदा मुक्केबाज के बार में पूछा। मैरी कॉम ने कहा कि वे मुहम्मद अली से प्रेरणा लेती हैं। उन्होंने उनसे प्रेरित होकर बॉक्सिंग को चुना।

**परिसीमन के बाद उम्मीद**

## जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के वादे के साथ चुनाव में जाएगी भाजपा



**नई दिल्ली।** कश्मीर मसले पर केंद्र सरकार की पहल के बाद जम्मू-कश्मीर के नेताओं के सुर बदल गए हैं। दिल्ली में हुई बैठक के बाद गुपकार गठबंधन के नेताओं ने यह समझ लिया है कि अब राज्य में अनुच्छेद-370 की वापसी नहीं होगी। लिहाजा उन्होंने अपनी मांगों को व्यावहारिक धरातल पर उतारने और इसे हठ के रूप में पेश करने की ठानी है। इधर, केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के विश्वस्त सूत्रों ने अमर उजाला से कहा कि जम्मू-कश्मीर में भगवा पार्टी केंद्र शासित प्रदेश के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने का वादा लेकर चुनाव मैदान में जाएगी। साथ ही, पार्टी पाकिस्तान से लगे इलाकों में संविधान के अनुच्छेद 317 के तहत विशेष अधिकार देने की मांग भी करेगी। फिलहाल केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता परिसीमन का काम पूरा करने की है। इसके बाद ही चुनाव का रास्ता साफ होगा। जितनी जल्दी परिसीमन होगा इसके बाद ही चुनाव को लेकर कुछ कहा जा सकेगा। हाल ही में अमर उजाला से चर्चा करते हुए जम्मू-कश्मीर के भाजपा के नेता निर्मल सिंह ने कहा था, जम्मू-कश्मीर के चुनाव समय पर होंगे। जल्द ही परिसीमन का काम पूरा हो जाएगा। चुनाव के बाद पूर्ण राज्य का दर्जा भी मिलेगा।

### नीरज चोपड़ा से बात की

भाला फेंकने वाले नीरज चोपड़ा से बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, %मुझे बताया गया है कि आप घायल हो गए, लेकिन फिर भी आपने एक नया रिकॉर्ड बनाया। आपको अपेक्षाओं के बोझ तले दबने की जरूरत नहीं है,उम्मीदों का बोझ न उठाएं, बस अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। पीएम मोदी को जवाब देते हुए नीरज ने कहा, मैं अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, मैं जो कुछ भी चाहता हूं, उसमें सरकार मेरी मदद कर रही है। चोट के कारण हमारा करियर सीमित है, मैंने कुछ समय गंवाया, लेकिन मैं पूरी तरह से ओलंपिक पर केंद्रित था। कोविड -19 के कारण, ओलंपिक स्थगित हो, गया लेकिन मैं आयोजन की तैयारी करता रहा।

**द्वारकाधीश मंदिर** — **घटना से मंदिर को नुकसान नहीं, केवल ध्वज ही फटा**

# द्वारकाधीश मंदिर की 52 गज ध्वजा पर बिजली गिरी

### द्वारका के लोगों ने कहा- भगवान ने हमें बचाया

द्वारका

गुजरात के द्वारका में मंगलवार को प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर के ध्वज दंड पर बिजली गिर गई। बिजली गिरने से मंदिर की 52 गज ध्वजा को नुकसान पहुंचा। हालांकि, इस हादसे में द्वारकाधीश मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। यह घटना मंगलवार को दोपहर 2ञ्30 बजे के लगभग हुई। झंडे पर बिजली गिरने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मंदिर के आस-पास घनी बस्ती है। ऐसे में अगर रिहायशी इलाके में बिजली गिरती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। द्वारकाधीश मंदिर के ऊपर लगे झंडे का भी खास महत्व है। इसे 52 गज ध्वजा कहा जाता है। यह भारत का अकेला ऐसा मंदिर है, जहां दिन में 3 बार 52 गज की ध्वजा चढ़ाई जाती है। भक्तों के बीच इस ध्वजा को लेकर इतनी श्रद्धा है कि ध्वजा चढ़ाने के लिए कई बार उन्हें दो साल तक का इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब मंदिर के किसी हिस्से पर बिजली गिरी है। द्वारकाधीश ने शहर के लोगों को बड़े हादसे से बचा लिया।





### बिजली गिरने से मंदिर को नुकसान नहीं

द्वारका के स्ष्ठरू निहार भेटारिया ने बताया कि मंगलवार दोपहर को बिजली गिरने की घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर परिसर की जांच की है। बिजली से मंदिर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। केवल झंडे को ही नुकसान हुआ है। जांच के बाद मंदिर की गतिविधियां सामान्य रूप से चल रही हैं।

### द्वारका का जगत मंदिर

द्वारकाधीश मंदिर गुजरात राज्य के द्वारका में गोमती नदी के तट पर स्थित है। इसे जगत मंदिर के नाम भी जाना जाता है। भगवान कृष्ण को समर्पित द्वारकाधीश मंदिर भारत के सबसे प्रमुख और भव्य मंदिर में से एक है। इसे रामेश्वरम, बद्रीनाथ और पुरी के बाद हिंदुओं के चार पवित्र तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक द्वारकाधीश मंदिर के दर्शन करने आते है।

### करीब 2200 साल पुराना तीर्थस्थल

द्वारकाधीश मंदिर लगभग 2200 साल पुराना है, जिसका निर्माण वज्रनाभ ने किया था। इसके परिसर में भगवान कृष्ण के साथ साथ सुभद्रा, बलराम, रेवती, वासुदेव, रुक्मिणी समेत कई देवी-देवताओं को समर्पित मंदिर भी हैं। जन्माष्टमी पर मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है और भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस उत्सव को देखने लाखों लोग पहुंचते हैं।

### रविवार को जयपुर में बिजली गिरने से 11 की मौत हुई थी

जयपुर में तेज बारिश के बीच रविवार को आमेर महल में बने वॉच टावर पर बिजली गिर गई। यहां घूम रहे 35 से ज्यादा टूरिस्ट इसकी चपेट में आ गए। दरअसल, मौसम में आए बदलाव के बाद बड़ी संख्या में लोग आमेर की पहाड़ियों पर घूमने पहुंचे थे। यहां फोटोग्राफी और सेल्फी का सिलसिला चल रहा था कि अचानक बिजली गिर गई।




## संक्षिप्त समाचार

### कोविड गाइड लाइन का पालन करने पर दुकानदार को किया सम्मानित



**शिवपुरी।** जिले में कोविड महामारी न फैले इसके लिए बाजार में दुकानदारों से भी सहयोग की अपेक्षा की जा रही है क्योंकि बाजार में दुकानदार प्रतिदिन सामान लेने आने वाले कई ग्राहकों के संपर्क में आते हैं। इसलिए रोको टोको अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने वाले दुकानदारों को सम्मानित करने की पहल शुरू की गई है। मंगलवार को सी.डी. सुपरमार्केट दुकान संचालक विजय कुमार जैन को सम्मानित किया गया। इन्होंने कोविड गाइडलाइन का पालन करने और कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाने के लिए सक्रिय सहयोग किया है। श्री विजय कुमार और उनकी धर्मपत्नी दोनों दुकान का संचालन करते हैं। इन्होंने दुकान के बाहर बेरिकेड्स लगाए हैं जिससे अंदर भी? न हो। सोशल डिस्टेंस का पालन कराने के लिए गोले बनाये हैं। इसके साथ ही दुकान पर आने वाले ग्राहकों को मास्क लगाने की सलाह देते हैं। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने इनकी दुकान पर पहुंचकर दुकान संचालक विजय कुमार और उनकी धर्मपत्नी को शॉल, श्रीफल और फूलमाला देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीएम उमेश शुक्ला, एसडीएम अरविंद वाजपेयी, सीएमओ नगरपालिका गोविंद भार्गव, टीआई बादाम सिंह, यातायात प्रभारी रणवीर यादव सहित किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत अग्रवाल, रेडीमेड एसोसिएशन से गौरव खंडेलवाल भी उपस्थित रहे।

### स्कूल संचालकों ने प्रभारी मंत्री सिसौदिया को ज्ञापन सौपकर अपनी पीड़ा से कराया अवगत

**शिवपुरी।** कोरोना संक्रमण के कारण पिछले दो साल से स्कूल की तालाबंदी का सामना कर रहे और आर्थिक हालात से जूझ रहे स्कूल संचालकों ने प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया को शिवपुरी आगमन के अवसर पर ज्ञापन सौंपकर उनसे 15 जुलाई से निजी स्कूल खुलवाने की मांग की। स्कूल संचालकों ने डीईओ दीपक पांडेय को अपने-अपने स्कूलों की चाबी सौंपते हुए कहा कि अब वहां की व्यवस्था भी आप संभालें। स्कूल संचालकों का दर्द इसलिए भी बढ़ रहा है क्योंकि न केवल स्कूल बंद है और उनकी आय का जरिया खत्म हो गया है। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल संचालकों पर निरीक्षण के नाम पर दबाव बनाया जा रहा है। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हैं। प्रभारी मंत्री सिसौदिया को स्कूल संचालकों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस प्रकार वर्ष 2020-21 और 21-22 की मान्यता का नवीनीकरण विभाग द्वारा कर दिया है। उसी प्रकार कक्षा 1 से 2 तक वर्ष 2022-23 से 24-25 तक की मान्यता का नवीनीकरण भी बिना किसी निरीक्षण के किया जाए। मान्यता और संबद्धता का शुल्क माफ किया जाए। 28 जून को राज्य सरकार द्वारा जो स्कूल न खोलने का निर्णय लिया गया है वह न तो बालकों के हित में है और नही पालकों के हित में हैं। स्कूल संचालक और टीचर भी इससे परेशान हैं। इसलिए निर्णय में बदलाव कर 15 जुलाई से स्कूल खोले जाएं। स्कूल संचालकों का तर्क है कि जब सबकुछ खुल गया है तो फिर स्कूल क्यों बंद हैं। बच्चों को भी मोबाइल की पढ़ाई समझ में नहीं आ रही है और अभिभावक भी स्कूल खोलने का दबाव बना रहे हैं। फिर सरकार क्यों हमारे विरूद्ध जा रही है।

# नगरपालिका के नवनिर्मित विकास की तस्वीरें आयी सामने







शिवपुरी।

खबर शिवपुरी शहर की है जहां नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 11 विजयपुरम कॉलोनी की गली नंबर 2 में श्री मंत यशोधरा राजे सिंधिया के निर्देशन में नगर पालिका प्रशासन के द्वारा अभी हाल ही में कुछ समय पूर्व स?क निर्माण का कार्य कराया गया था। लेकिन स?क निर्माण कार्य तो पूर्ण हो गया परंतु बारिश के चलते नगर पालिका के प्रसासनिक अधिकारियों की स?क निर्माण कार्य के समय जो लापरवाही स?क में बरती गई उसकी पोल खुलती हुई नजर आयी हैं। जहाँ हाल ही में रविवार की दोपहर को हुई शहर में पहली बारिश से ही विजयपुरम कॉलोनी की गली नंबर 2 की स?क में बारिश का पानी इतना भर गया हैं कि पानी अब वहा निवास करने वाले लोगो के घरों में भरना शुरू हो गया हैं। जहाँ नगर पालिका के प्रशासनिक अधिकारियों की पोल खुलती साफ दिखाई दे रही हैं। रविवार की दोपहर हुई बारिश से निर्माण कार्य के दौरान जो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरती गई उसका सामना विजयपुरम कॉलोनी की गली नंबर 2 में निवास करने वाले लोगो को भुगतना प? रहा हैं। जो कि स?क निर्माण कार्य के समय अधिकारियों की लापरवाही के चलते स?क में ढालान ना होने के कारण बारिश का पानी लोगो के घरों के सामने एकत्रित होता नजर आ रहा हैं। वही बारिश का पानी निकास के लिए ना तो कॉलोनी में नालियों का निर्माण कराया गया ना ही पानी निकास के लिए कोई उपाय नगर पालिका प्रसाशन की अनदेखी के चलते विजयपुरम कॉलोनी की गली नंबर 2 में निवास करने वाले लोगो को बारिश के चलते काफी परेशानियों का सामना करना प? रहा हैं। जब इस समस्या को लेकर स्थनीय लोगो ने नगर पालिका के सीएमओ गोविंद भार्गव को जब अपनी समस्या से अवगत कराया गया तो उन्होंने कॉलोनी वासियों को समस्या को दिखवाने का हवाला तो दे दिया परंतु अभी तक उस समस्या का कोई भी निराकरण नगर पालिका सीएमओ गोविन्द भार्गव द्वारा नही किया गया जहाँ स्थनीय लोग नगर पालिका की इस ओछी हरकत गुस्साए नजर आ रहे हैं।



# सिंधिया सेना ने माधव चौक पर किया प्रभारी मंत्री का तुला दान, हुआ आतिशी स्वागत





शिवपुरी।

दो दिवसीय शिवपुरी प्रवास पर आए प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया का सिंधिया सेना के कार्यकर्ताओं ने माधव चौक पर आतिशी स्वागत कर उनका नरियलों से तुलादान किया। इस दौरान सिंधिया सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजू सरपंच और जिलाध्यक्ष मोहित मिश्रा , दिलीप सिंह चौहान, राजकुमार रघुवंशी, शीतल जैन ने प्रभारी मंत्री को चांदी का श्रीफल और शॉल भेंट किया। प्रभारी मंत्री रविवार को रात साढ़े 9 बजे सर्किट हाऊस से अपने सारे कार्यक्रमों का विराम करने के बाद माधव चौक पहुंचे। जैसे ही उनका काफिला रूका तो कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री अपनी कार से बाहर आए और स्वागत स्थल पर पहुंचे। जहां पहले उनका तिलक कर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद तुलादान हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर वह अभिभूत हुए और सिंधिया सेना के कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमताओं की सराहना की। स्वागत स्थल से रवाना होने के बाद प्रभारी मंत्री ने माधव चौक पर लगी माधौ महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। प्रभारी मंत्री लगभग आधा घंटा तक कार्यकर्ताओं के बीच रहे और उनसे चर्चा की। स्वागत कार्यकम में सिंधिया सेना के पदाधिकारियों सहित आशु दांतरे, सोनू दुबे, पवन शर्मा, हिमालय गौड़, रामलखन, कृश राठौर, योगेश गोयल, ऋषि शर्मा, सुधांशु भार्गव, कार्तिकेय जैन, सिद्धार्थ जैन सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम आज होगा घोषित

शिवपुरी।





शिवपुरीं माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट (10वीं) परीक्षा और हाईस्कूल (अंध, मूक बधिर श्रेणी) के परीक्षा परिणाम 14 जुलाई को शाम 4 बजे घोषित किए जाएंगे। मंडल ने विद्यार्थी और अभिभावकों के लिए विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम जानने की सुविधा उपलब्ध करायी है। विद्यार्थी और अभिभावक एमपी बोर्ड के पोर्टल https://mpbse.mponline.gov.in, www.mpbse.nic.in और www.mpresults.nic.in, जागरण प्रकाशन की वेबसाइट www.jagranjosh.com इंडिया टुडे ग्रुप की वेबसाइट https://www.aajtak.in और https://www.indiatoday.in, नेटवर्क 18 की वेबसाइट www.newsv}.com और www.hindi.newsv}.com और एचटी डिजिटल स्ट्रीम्स की वेबसाइट www.livehindustan.com पर परीक्षा परिणाम देखें।

### मोबाइल एप पर देखे परीक्षा परिणाम

सभी विद्यार्थी MPBSE MOBILE ऐप या MP Mobile ऐप पर ÒKnow Your ResultÓ का चयन करने के बाद अपना अनुक्रमांक और आवेदन क्रमांक दर्ज कर परीक्षा परिणाम जान सकेंगे।

# जिस वृद्ध महिला को मृत पता कर बंद की थी नगर पालिका ने पेंशन उसे पूरा चालू की

**शिवपुरी।**



मीडिया में समाचार प्रकाशित के बाद नगरपालिका का अमला वृद्ध महिला जनाबाई को तलाशते हुए उनके घर पहुंचा देना भाई अपनी वृद्धव्यस्था पेंशन के लिए काफी दिनों से भटक रही थी जिसे मृत बताकर उसकी वृद्धवस्था पेंशन बंद कर दी थी और वह स्वयं दफ्तरों के चक्कर काट कर अपने आप को जीवित बता रही थी लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं था परंतु अब समाचार प्रकाशन के बाद नगर पालिका के अधिकारी जनाबाई के घर पहुंचे और उससे कहा कि उसकी पेंशन आज से शुरू कर दी जाएगी प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रदर देना भाई के पुत्र का निधन हो गया था और उसकी विधवा पत्नी ने जनाबाई को घर से निकाल दिया था इस पर देना भाई ने अपनी विधवा बेटी के घर शरण ली और वहां मंदिर में झाड़ू पहुंचा का काम करने लगी नगर पालिका ने 9 साल के उसकी पेंशन बंद कर दी थी परेशान होकर में नगरपालिका के चक्कर लगा लगा कर थक गई लेकिन जब मीडिया में उसके समाचार का प्रकाशन हुआ तो नगरपालिका का अमला उसके घर पहुंचा और उसकी वृद्धावस्था पेंशन आज दिनांक से शुरू होने की सूचना दी।

# किसान के घर में 3 लाख के सामान की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शिवपुरी।



खबर जिले के सिरसौद गाँव की है जहाँ किसान के घर चोरी करने वाले आरोपी जितेंद्र उर्फ जीत पुत्र सिट्टू लोधी निवासी खोड़ को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से सोने का हार, मंगलसूत्र, झुमकी, चांदी की दो करधौनी, दो बिछिए और मोबाइल बरामद किया है। जप्त सामान का मूल्य लगभग 3 लाख रूपए है। जानकारी के अनुसार फरियादी किसान प्रशांत पुत्र शोभरन लोधी निवासी सिरसौद के घर से 3-4 जुलाई की रात्रि को अज्ञात चोर सोने चांदी के आभूषण और मोबाइल चुरा ले गए थे। इस मामले की रिपोर्ट फरियादी ने अमोला थाने में दर्ज कराई। थाना प्रभारी राघवेंद्र सिंह यादव ने चोरी का पता लगाने के लिए एक टीम का गठन किया। पुलिस टीम को एक युवक पर संदेह हुआ और उसे बुलाकर जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने उगल दिया कि उसने ही किसान प्रशांत के जहां चोरी की थी। बताया जाता है कि आरोपी इसके पहले भी एक अन्य अपराधिक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। सूने घर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार वहीं एक अन्य मामले में बामौरकलां थाना पुलिस ने सूने घर में दो सप्ताह पूर्व चोरी की बारदात करने वाले दो आरोपी नरेश कुशवाह और रविशंकर को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें नरेश हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जबकि रविशंकर पल्लेदारी का काम करता है। फरियादी मुरारीलाल गुप्ता निवासी बामौरकलां 28 जून को जब किसी काम से घर पर ताला डालकर पिछोर गए थे, तब सूने घर का ताला तोड़कर दोनों आरोपी नरेश कुशवाह और रविशंकर ने घर से आभूषण, 90 हजार रूपए नगद आदि सामान चुरा लिया था और चोरी के बाद दोनों आरोपियों ने माल का आधा-आधा बंटवारा कर लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों से चोरी का माल नगदी सहित बरामद कर लिया।

# केश काउंटर पर लगी लाईन मे खड़े बदमाश ने कर दिए व्यापारी के बैग से नोट पार: घटना कैमरों में कैद

**शिवपुरी।** खबर पिछोर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा पिछोर की हैं।जहाँ बैंक में जमा पैसा जमा कराने गए युवक के बैग से एक 500 के नोटो की गडढी गायब हो गई। जब 50 हजार रूपए कम हुए तो छानबीन की गई ओर केश काउंटर पर लगे कैमरो को चैक किया गया तो एक बदमाश ने चैन खोलकर 1 नोट का बंडल गायब कर दिया। जानकारी के अनुसार नीरज सेल्स फर्म मालिक नीरज गुप्ता ने 9 जुलाई को अपने भतीजे देवांश गुप्ता और विजय गुप्ता को 7 लाख रुपए एसबीआई शाखा पिछोर में दो अलग-अलग खातों में जमा करने भेजा था। एक खाते में तीन लाख रु. जमा करने के बाद दूसरे खाते में 4 लाख रु. जमा करने लाइन में ख? थे। देवांश गुप्ता ने छोटे भाई को बैग पक?ाया और पीछे चला गया। बगल में मौजूद एक बदमाश ने बैग की चैन खोल ली और चुपके से 500 रु. के नोटों की एक गड्डी निकाल ली। उसके संग एक और बदमाश पीछे ख?ा था, दोनों के बीच इशारों में बातचीत चल रही थी। गड्डी हाथ लगते ही दोनों बदमाश बैंक शाखा से भाग निकले।





**जमा करते वक्त 50 हजार रु. कम पड़े, तब पता चला**

पैसे जमा करते वक्त 4 लाख की जगह 3.50 लाख रु. ही बैग से निकले। बैग से पांच सौ रु. के नोटों की एक गड्डी गायब थी। काफी छानबीन के बाद कैश काउंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकलवाई, तब पता चला कि एक युवक ने चैन खोलकर बैग से गड्डी पार कर दी है।

# एनीमिया से बचाव एवं निदान के लिए जागरुकता सह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

शिवपुरी।





पिछले कुछ सालों के दौरान भारत सहित दुनिया भर में एनीमिया पीड़ितों की संख्या तेजी से बढ़ी है। बदलती जीवनशैली के साथ आहार संबंधी आदतों में होने वाला बदलाव इस समस्या के मुख्य कारण के रूप में सामने आ रहा है। यह कहना था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन का जो कि शक्तिशाली महिला संगठन द्वारा गौशाला बाल शिक्षा केन्द्र में आयोजित किशोरी बालिकाओं में एनीमिया से बचाव एवं निदान जागरुकता सह स्वास्थ्य जांच शिविर में अपने मुख्य उदबोधन में बोल रहे थे उन्होने कहा कि वास्तव में एनीमिया कोई बीमारी नहीं है लेकिन यह कई बीमारियों की वजह जरूर बन सकता है। समय रहते इस पर काबू पाकर सेहत संबंधी कई गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है। हमारे शरीर को हेल्दी और फिट रहने के लिए अन्य पोषक तत्वों के साथ.साथ आयरन की भी जरूरत होती है। आयरन ही हमारे शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण करता है। ये कोशिकाएं ही शरीर में हीमोग्लोबिन बनाने का काम करती हैं। हीमोग्लोबिन फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर रक्त में ऑक्सीजन पहुंचाता है। इसलिए आयरन की कमी से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और हीमोग्लोबिन कम होने से शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है। इसकी वजह से कमजोरी और थकान महसूस होती है इसी स्थिति को एनीमिया कहते हैं। एनिमिया के मुख्य लक्षणों में चक्कर आना,थकान होना,.त्वचा का पीला पड़ना,सीने में दर्द,.तलवे और हथेलियों का ठंडा पड़ना,लगातार सिर में दर्द,.शरीर में तापमान की कमी एवं .आंखों के नीचे काले घेरे होते है अगर आपको इनमे से कोई भी लक्षण है तो आप अपनी जांच अवश्यक कराए। कार्यकम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास देवेन्द्र सुन्दरियाल ने किशोरी बालिकाओं को सबोधित करते हुए कहा कि आप कहीं एनिमिककि तो नहीं हैं जानने के लिए आपको अपना वजन एवं उचाई का पता होना चाहिए बीएमआई के माध्यम से भी आप अपनी स्वास्थ्य जांच स्वयं कर सकती है क्योकि एनिमिया की ज्यादातर महिलाएं बनती हैं शिकार क्योकि शरीर के रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी से होने वाला रोग एनीमिया ऐसी समस्या है जिसकी अधिकांश महिलाएं शिकार होती हैं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया का प्रभाव अधिक पाया जाता है। गर्भावस्था के दौरान शरीर को अधिक मात्रा में विटामिन मिनरल व फाइबर आदि की जरूरत होती है। रक्त में लौह तत्वों की कमी होने से शारीरिक दुर्बलता बढ़ती है। वजन कम करने के लिए डाइटिंग कर रही लड़कियां भी इसकी शिकार हो जाती हैं। पीरियड्स के दौरान ब्लीडिंग होने पर, युट्रस में ट्यूमर, आंतों का अल्सर या पाइल्स के कारण भी एनीमिया की आशंका बढ़ जाती है। बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाने वाली महिलाओं को भी एनीमिया होने का खतरा रहता है। इसीलिए अपनी दैनिक आहार में सहजन की फलियों से लेकर पत्तियों तक का उपयोग करके आप इस समस्या को दूर कर सकते है । कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डा0 संजय ऋषिश्वर ने बताया कि विभाग द्वारा पांच तक के बच्चों को आयरन के सीरप , 11 साल तक के बच्चो को पिंक गोली किशोरी बालिकओ के लिए नीली गोली एवं गर्भवती धात्री माताओ के लिए लाल रंग की गोली निशुल्क आंगनवा?ी केन्द्रो पर दी जा रही है इसके अलावा किशोरी बालिकाओं को नाश्ता जरुर करना चाहिए एवं अपने आहर में हरे पत्ते दार सब्जियों का उपयोग जरुर करना चाहिए इससे हम खून की कमी से बच सकते है। किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच डॉक्टर अर्पित बंसल ,जिला चिकित्सालय शिवपुरी द्वारा की गई। कार्यक्रम मे सुपोषण सखी श्रीमती ममता जोशी, आंगनवा?ी कार्यकर्ता गायत्री कुश्वाह , न्यूट्रीशन चैम्पियन पूनम ओझा , स्वच्छ भारत के संभागीय समन्वयक अतुल त्रिवेदी एवम् डॉक्टर अर्पित बंसल ने भी संबोधित किया इसके साथ कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानीय अतिथियों को पौधा देकर उनका सम्मान किया कुपोषित बच्चो की माताअें को हायजिन किट एवं संस्थागत प्रसव कराने वाली माताओं को न्यूबोर्न बेबी किट प्रदान किया। कार्यकम मे शक्तिशाली महिला संगठन के रवि गोयल एवं उनकी पूरी टीम, सीएमएचओ डा पवन जैन, डा संजय ऋषिश्वर , जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र सुन्दिरयाल, के साथ किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती माताओं ने भाग लिया।

# दस्तक अभियान का आयोजन 19 जुलाई से 18 अगस्त तक, कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

भिण्ड । बर्ष 2021-22 में दस्तक अभियान का आयोजन 19 जुलाई से 18 अगस्त 2021 तक किया जाना है। जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय प्री प्लानिंग बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित ग्वालियर से पधारे न्यूट्रिशियन इंटरनेशनल के संभागीय समन्वयक मिर्जा रफीक बेग उपस्थित थे। इस अवसर पर समस्त जिला अधिकारियों सहित समस्त खण्ड स्तरीय बी.एम.ओ., सी.डी.पी.ओ., बी.पी.एम., बी.सी.एम. की उपस्थिति रही।



इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा गया कि दस्तक अभियान एक महत्वपूर्ण अभियान है जिसके माध्यम से हम न सिर्फ बच्चों में होने वाली बीमारियों को समय पर पहचान कर बच्चों में होने वाली मृत्यु में कमी ला सकते हैं बल्कि विटामिन ए एवं आयरन सिरप के माध्यम से उनकी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर कोरोना के सम्भावित खतरों से उनको सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग कार्य जिला एवं ब्लॉक अधिकारियों द्वारा की जावे जिसके लिये एन 1 द्वारा निर्मित कोबो टूल की मदद ली जायेगी एवं कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जावेगी। अभियान के मध्य में मिड टर्म रिव्यु मीटिंग का आयोजन कर कार्य की मध्य कालीन समीक्षा की जावेगी। जिसमें समयानुसार आवश्यकता पड़ने पर सुधार किया जा सके। साथ ही ब्लॉक स्तर पर भी एस.डी.एम. के माध्यम से कार्य की गुणवत्ता की निगरानी की जावेगी इस अभियान का लाभ जिले के नौनिहालों (बच्चों) को प्रदान किया जावेगा। एन.आई के संभागीय समन्वयक मिर्जा रफीक बेग ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि बर्ष 2021-22 में दस्तक अभियान का आयोजन किया जाना है जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा घर-घर दस्तक देकर जन्म से 05 बर्ष तक के समस्त बच्चों की जॉच कर उनको आवश्यकता के अनुसार सलाह, उपचार, एवं रैफरल सेवाऐं प्रदान की जावेगीं एवं उनमें पाये जाने वालीं प्रमुख बीमारियां जैसे निमौनियां, कुपोषण, दस्त, अनीमियां, जन्मजात विकृति की सक्रिय स्क्रीनिंग कर समस्त 09 माह से 05 बर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जावेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भिण्ड डॉ. अजीत मिश्रा ने जानकारी देते बताया कि प्रत्येक फेसलिटी स्तर पर ओ.आर.एस. कॉर्नर की स्थापना की जावेगी। जिसमें ओ.आर.एस. बनाने की विधि एवं हैण्डवॉश (हाथ धुलाई विधि) का प्रदर्शन किया जावेगा। एवं डॉ. मिश्रा ने आम जनता से अपील की है कि आगामी 19 जुलाई से प्रारम्भ हो रहे दस्तक अभियान में 0 से 05 बर्ष तक के बच्चों में उनके स्वास्थ्य सम्बंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु अभियान का लाभ लिया जा सकता है।

# ग्रीन भिण्ड की अवधारणा को लेकर कार्य करें स्वयं सेवी संगठन : कलेक्टर

### अंकुर कार्यक्रम अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं समाज सेवियों की हुई बैठक

भिण्ड । मध्यप्रदेश शासन द्वारा अंकुर कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वायुदूत एप्लीकेशन के माध्यम से पौधे का फोटो अपलोड करना है स्वयंसेवी संस्थाओं का यह नैतिक दायित्व है कि ग्रीन भिंड की अवधारणा को लेकर कार्य करें उक्त बात कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में कहीं। वे जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित स्वयं संस्थाओं और समाजसेवियों की बैठक में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजीत मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार गोयल सहित जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदोरिया और 40 से अधिक स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित थे।



बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि आगामी 8 अगस्त को जिले में वृहद वृक्षारोपण होना है इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है इसके लिए समस्त विभागों को एक लक्ष्य दिया गया है लेकिन यह कार्य केवल विभागों का नहीं है इसमें स्वयंसेवी संगठनों और समाज सेवियों की भी प्रमुख भूमिका है अतः इस बैठक का उद्देश्य भी अपने शहर को किस तरह हरा-भरा बनाए इसको लेकर रखा गया है। आप सभी समाजसेवी संस्थाओं और समाज सेवियों से का आवाहन करता हूं कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर सरकार की मंशा को साकार करें डॉ अजीत मिश्रा ने कहा कि भिण्ड के स्वाभिमान को जिंदा रखने के लिए इस अभियान में प्राणपण से जुटना होगा, तभी हम शासन की मंशा अनुरूप लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। आप जो भी पौधे का रोपण करें उसे वायूदूत एप्लीकेशन पर जरूर अपलोड करें इस अवसर पर समाजसेवियों तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार भी व्यक्त किए।

इस बैठक में इंदिरा गांधी चौराहे से लेकर बस स्टैंड तक और इंदिरा गांधी चौराहा से लेकर सर्किट हाउस तक इसके साथ मालनपुर से लेकर भिण्ड तक तथा गौरी सरोवर पर वृहद वृक्षारोपण की रूपरेखा भी तैयार की गई। इसमें कई संगठनों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए बैठक का संचालन आभार प्रदर्शन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदोरिया ने किया।

## राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत कल भिण्ड में



भिण्ड । राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत एक दिवसीय प्रवास पर 15 जुलाई 2021 को प्रातः10.30 बजे ग्वालियर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे भिण्ड आएंगे एवं भाजपा कार्यालय में बैठक लेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा भिण्ड जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत अपरान्ह 3 बजे जिला योजना समिति की बैठक जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में लेंगे। तत्पश्चात सायं 4 बजे जिला क्राईसिस मेनेजमेंट की बैठक लेंगे। प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत रात्रि 8 बजे भिण्ड से कार द्वारा सागर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पूर्व सीएम पर हुई एफआईआर के विरोध में कांग्रेसी करेंगे आंदोलन

भिण्ड। राजधानी भोपाल के औद्योगिक क्षेत्र बीएचईएल पार्क की जमीन आरएसएस से जुडी संस्था को देने के बिरोध में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा विरोध करने पर प्रशासन द्वारा उन पर और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर वाटर केन का उपयोग कर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करने का मौ ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध करते हुए उक्त एफआईआर निरस्त करने की मांग की है. कांग्रेस नेता अलवेल सिंह यादव, नन्हेराजा सिंह गुर्जर, देवेंद्र सिंह गुर्जर, बहादुर सिंह यादव, जागेश यादव, इकबाल पठान, आजाद नवी कुरैशी, कमलेश सोनी, संजीव यादव, रामोतार शिवहरे, मनोहर सिंह गौर, जाहिद खां, धर्मेंद्र यादव, अजीत जैन, दिनेश राठौर, इरशाद पठान आदि कार्यकर्ताओं ने ने कहा है कि कांग्रेस वह पार्टी है जिसने देश की आजादी के लिए अंग्रेजों का सामना किया है.आज इस तानाशाह सरकार के हिटलरशाही रवैया से कांग्रेस का कार्यकर्ता डरने वाला नहीं है अगर जल्द एफ आई आर निरस्त नहीं की गई तो पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्द सिंह के मार्गदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता एक बड़ा जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## पॉवर ग्रिड कंपनी के ठेकेदार ने किसान के खेत में जबरन चलाई जेसीबी

### बिना सूचना व एग्रीमेंट के चल रही टॉवर लगाने की तैयारी, किसान को पता ही नहीं



भिण्ड। पॉवरग्रिड कंपनी सारी हदे पार करने में लगी हुई है इन दिनों किसानों के खेतो में जबरन टॉवर लगाकर उनकी जमीन छीनने का काम किया जा रहा है उनसे किसी तरह का एग्रीमेंट तक नहीं किया जा रहा है बिना सूचना के खेतो में जेसीबी चलाकर बड़े-बड़े गड्ढे खुदवाकर टॉवर लगाने काम किया जा रहा है। मंगलवार को फिर से मेहगांव क्षेत्र के ग्राम जुगे का पुरा सर्वे नं.80/1 में किसान खेत मालिक कृष्णकांत शुक्ला के खेत में बिना सूचना दिये खेत में जेसीबी चलाकर गड्ढे खोद दिये, जब उसे पता चला कि उसके खेत में पॉवर ग्रिड के ठेकेदारों द्वारा टॉवर लगाने के लिए जेबीसी चलवाई जा रही है तो रोकने पहुंचा तो कंपनी के नुमाइंदे उसे डरा धमकाने लगे। इस तरह से जिलेभर में किसानों के साथ सरेआम गुंदागर्दी करते हुए उनकी जमीन छीनी जा रही है।

## विद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने की सीएमओ ने दी हिदायत



भिण्ड। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मौ जिला भिण्ड के प्राचार्य रामराज सिंह सिकरवार की शिकायत पर नगर परिषद मौ के प्रभारी सीएमओ रमेश सिंह यादव प्राचार्य को साथ लेकर आज दोपहर अपने अमले के साथ स्कूल के स्वामित्व की मौ-स्योढ़ा रोड़ पर स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 1544 रकवा 6 बीघा 2 विश्वा से अतिक्रमण हटवाने के लिए पहुँचे। मंगलवार को अतिक्रमण तो नहीं हट सका, किन्तु अतिक्रमण करियों को 24 घंटे के भीतर स्वतः ही अपने अपने अतिक्रमण हटाने की हिदायत दे दी गई है। संस्था के प्राचार्य रामराज सिंह सिकरवार द्वारा कलेक्टर जिला भिण्ड, अनुविभागीय अधिकारी गोहद ,तहसीलदार मौ तथा सीएमओ नगर परिषद मौ को विद्यालय की भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए विभागीय कार्यवाही की है। अतिक्रमण हटाने से पूर्व राजस्व महकमे से सीमांकन कराया जाना भी आवश्यक है। अब देखना यह है कि करोड़ों रूपये बेशकीमती विद्यालय के भू स्वामित्व की उक्त भूमि प्रशासन कब तक खाली करवा पाता है ?

## मनरेगा का तहत कार्य मजदूरों से न कराकर जेसीबी से खुदवाया तालाब

### मजदूरों के खातों के पहुंचा पैसा सचिव ने मांगा तब हुआ खुलासा



भिण्ड। मेहगांव तहसील में सरपंच सचिव ने मिलकर मनरेगा के तहत होने वाला कार्य में मजदूरों का न लेकर कार्य जेसीबी से कराया इसका खुलासा तब हुआ जब मजदूरों के खातों में पैसे पहुंचे जिसकी सूचना सचिव ने दी और उनसे रकम का कुछ हिस्सा देकर शेष राशि वापस करने के लिए कहा। मेहगांव क्षेत्र के नीम गांव में जहां बीते आठ महीने पहले तालाब बनवाए गए। इन तालाबों में मनरेगा के तहत मजदूरों द्वारा काम न लेकर मशीनों से खुदवाए गए। इसके बाद स्थानीय मजूदरों के खाते में पैसा डाले गए। जब गांव के मजदूरों ने देखा कि उन्होंने काम नहीं किया तो वे इस बात की शिकायत उन्होंने ब्लॉक स्तर पर की। जब उनकी सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने जिला पंचायत सीईओ दफ्तर में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। नीम गांव के रहने वाले राम बिहारी शर्मा, एक पैर से दिव्यांग है। जून महीने में उनके अकाउंट में 11 सौ रुपए का पेमेंट आया। राम बिहारी शर्मा का आरोप है कि उनके अकाउंट में पेमेंट आने की सूचना गांव के सचिव ने दी और कहा कि चार सौ रुपए रख लो शेष राशि मुझे दे दो। यह सुनकर मजदूर भड़क गया और कहा कि मैंने एक दिन भी मजदूरी नहीं की। फिर मेरे खाते में पैसा कैसे आया? मेरा खाता किसने आपको उपलब्ध कराया।

इस बात की शिकायत को लेकर बीते दिनों से मजदूर शर्मा ब्लॉक स्तर के अफसरों से करने के लिए पहुंचा। इसके बाद राजनीति पहुंच की वजह से सचिव व सरपंच में मामला रफा दफा करा दिया। इसके बाद किसान ने 8 जुलाई को जिला पंचाायत सीईओ के दफ्तर में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। जिला पंचायत सीईओ इस मामले की जांच कराए जाने की बात कह रहे है।

इसी तरह से गांव के भीकम सिंह ने भी आरोप लगाया है कि मेरे खाते में 44 सौ रुपए आए है। यह राशि मनरेगा में काम कराए किए जाने के बदले में डाली गई है। मजदूर का आरोप है कि इस राशि में से चार हजार रुपए सचिव ले गया और चार सौ रुपए देकर गया। मजदूर का कहना है कि जब मैंने कोई काम ही नहीं किया है तो शासन का पैसा क्यों लूं। मैं यह पूरी राशि शासन को वापस करना चाहता हूं।

### जेसीबी से कराया काम

गांव में तालाब बनाए जाने के लिए जेसीबी से काम कराया गया। यह वीडियो भी स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासनिक अफसरों को भेजा गया। इसके बाद भी कोई सुनवाई ग्रामीणों की नहीं हुई। गांव वालों द्वारा बीस से अधिक सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की जा चुकी है।

### झूठी शिकायतें कर रहे गांव के कुछ लोग

इस पूरे मामले में गांव के सचिव संजय सिंह भदौरिया का कहना है कि गांव के किसान वीर सिंह बघेल खेत में तालाब बनाया गया था। किसान ने राम विहारी शर्मा के खेत में तालाब खुदाई में मजदूरी किया जाना बताया था। मजदूरी कार्ड दिया था। इस आधार पर खाते में पैसा गया है। वहीं भीकम सिंह झूठ बोल रहे है। स्वार्थवश लोगों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डाली जा रही है। पंचायतों के काम में अड़ंगा लगाए जाने के लिए झूठी शिकायतें की जा रही हैं।

### इनका कहना है

इस मामले की जांच कराई जाएगी। यदि कोई गड़बड़ी हुई है तो कार्रवाई होगी।

**डॉ. सतीश कुमार एस**
**कलेक्टर भिण्ड**

## पुलिस ने कुछ ही घंटों में चोरी गए ट्रैक्टर को किया बरामद ,एक को पकड़कर किया हवालात

भिण्ड। मालनपुर पुलिस ने चोरी गए ट्रैक्टर को कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया और एक आरोपी को भी पकड़ाद्य थाना प्रभारी विनोद सिंह कुशवाह के अनुसार मालनपुर में रहने वाले जितेंद्र शर्मा उर्फ बाबूजी के दरवाजे से शनिवार की रात्रि को ट्रैक्टर चोरी हो गया था चोर ट्रैक्टर को लेकर आरटीओ बेरियल के पास पहुंचा और हड़बड़ाहट में दो लोगों से टकरा गया जिससे उनको गंभीर चोटें आई तत्काल उक्त लोगों ने पुलिस को सूचना दी तब तक ट्रैक्टर चोर ट्रैक्टर भगा कर ले गया मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर की तलाश की तो पारस फैक्ट्री के समीप तिलोरी गांव के पास एक व्यक्ति ट्रैक्टर को तेज रफ्तार में भगा कर ले जा रहा था तभी पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रुकवाया और ट्रैक्टर लेकर जा रहा है युवक को धर दबोचा पुलिस ट्रैक्टर सहित युवक को थाने लेकर आई ट्रैक्टर चोरी कर ले जा रहे युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संदीप बाथम पुत्र हरनारायण बाथम निवासी तिलोरी का होना बताया ट्रेक्टर मालिक जितेंद्र शर्मा की फरियाद पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## आतंकी फितरत

यूपी की राजधानी लखनऊ में आतंक की फैक्ट्री सामने आने के बाद सभी के होश उड़ गए हैं। आतंकी की इस पाठशाला ने ढेरों सवाल भी उठा दिए हैं। 2017 में यूपी एटीएस ने अभियान चलाकर प्रदेश में आईएसआईएस के एक के बाद एक कई संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना पुलिस के इनपुट पर आईएसआईएस के खुरासान मॉड्यूल के आतंकी सैफुल्लाह को एनकाउंटर में मार भी गिराया था। इसके बाद एटीएस ने एक के बाद कई जिलों में कई गिरफ्तारियां की थीं। टीम ने खुरासान मॉड्यूल का पूरी तरह से खात्मा कर दिया था। इस ग्रुप के 10 में से 9 सदस्य पकड़े गए थे और सैफुल्लाह मारा गया था। उसके बाद से लखनऊ लगभग शांत हो गया था। अब दोबारा लखनऊ में आतंकियों की आहट से सवाल उठ रहे हैं कि कहीं आतंकी अपना सेंटर लखनऊ तो नहीं बनाना चाहते? एटीएस के अनुसार गिरफ्तार मिनहाज और मुशीरूद्दीन मूल रूप से लखनऊ के रहने वाले हैं। लंबे समय से यह दोनों संदिग्ध गतिविधियों में शामिल थे। मिनहाज के घर वालों को शक हुआ तो दोनों ने मुशीरूद्दीन के घर पर ही आईईडी फिट करने की योजना बनाई। लेकिन, इसकी भनक एटीएस को लग गई और उसने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मुशीरूद्दीन पहले ई-रिक्शा चलाता था बाद में उसने बैटरी की दुकान खोल ली जबकि मिनहाज टेक्नीशियन है। पहले वह एक युनिवर्सिटी में काम करता था और फिर नौकरी छोड़कर गाडियों की सेकंड हैंड बैटरी बनाने और बेचने का काम करने लगा। यह दोनों काफी समय से सक्रिय बताए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक पहले क्यों नहीं लगी? अब यह भी पता लगाया जाएगा कि इन दोनों के अलावा इनके और कौन-कौन मददगार हैं? ऐसा नहीं है कि यह पहला मौका है जब लखनऊ से संदिग्ध आतंकी दबोचे गए हैं। इससे पहले आठ मार्च 2017 को दो दिन चले एनकाउंटर में यूपी एटीएस ने सैफुल्लाह को मार गिराया था। सैफुल्लाह भी काकोरी क्षेत्र में ही रहता था। सैफुल्लाह के कई साथियों को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था। जनवरी 2016 में एनआईए के इनपुट पर एटीएस ने कार्रवाई करते हुए राजधानी के इंदिरानगर से एक संदिग्ध आतंकी अलीम को गिरफ्तार किया था। अलीम से पूछताछ में यह भी पता चला था कि आईएसआईएस के 8 आतंकियों ने लखनऊ में संदिग्ध अलीम के घर इंदिरानगर में बसंत विहार स्थित घर के करीब गुपचुप बैठक की थी। तय हुआ था कि हरिद्वार में बम विस्फोट कर बड़े पैमाने पर तबाही मचाई जाएगी। इसके लिए बाकायदा विस्फोटक व अन्य सामग्री जुटा ली गई थी। जनवरी 2016 में अलीम की गिरफ्तारी के साथ कुशीनगर और हरदोई से भी आईएसआईएस के दो अन्य संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। उस वक्त एटीएस ने दावा किया था कि यह बड़े पैमाने पर प्रदेश में आतंक फैलाने की साजिश रच रहे थे। पकड़े गए संदिग्धों में हरदोई का मुफ्ती हाशिम और कुशीनगर का रिजवान शामिल था। इससे पहले लखनऊ में आतंकी घटनाएं भी हो चुकी है। 2007 में कचहरी के बाहर ब्लास्ट हुआ था। लखनऊ के साथ साथ वाराणसी और अयोध्या में भी कचहरी के बाहर सीरियल ब्लास्ट से सनसनी फैल गई थी। उस दौरान पकड़े गए कई आतंकी आज भी जेल में हैं। कानपुर में पकड़े गए आईएसआईएस के खुरासान मॉड्यूल के पकड़े गए आतंकियों के पास से आईएसआईएस से जुड़े होने के कई सुबूत मिले थे। एटीएस ने दो लैपटाप बरामद किया था लैपटाप में बम बनाने के वीडियो के अलावा आईएसआईएस के लिट्रेचर बरामद हुए थे। तब एटीएस ने दावा किया था कि यह आतंकी लखनऊ के आसपास 27 मार्च के बाद बड़े धमाके करने की प्लानिंग की थी। अब जबकि लखनऊ में आतंक की फैक्ट्री का खुलासा हो गया है, तो यह भी तय है कि आतंकियों के तार किसी एक शहर तक सीमित नहीं है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, कई और शहरों में आतंक की बुनियाद मिलेगी। मगर अभी तो तसल्ली इस बात की होनी चाहिए कि लखनऊ और आसपास के शहरों में धमाके का प्लान ध्वस्त हो गया है।

# कैसा है समाज एक महिला सहमति से हो रही अलग, दूसरे पर हो रहा ज़ुल्म...

**सोनम लववंशी**

*धर्म कोई भी हो। चाहे वह हिंदू, मुस्लिम, सिख और इसाई। सभी धर्म में महिलाओं के इज्जत और मान सम्मान की बात कही गई है। हमें हमारा समाज हमेशा यही बताता आया है कि महिलाओं की इज्जत करनी चाहिए। खासकर हिंदू धर्म में तो महिलाओं को देवताओं के समान माना गया है। लेकिन अगर इसी समाज में कोई अपनी बहन बेटी की ही इज्जत ना कर पाए तो वह कहीं न कहीं दुर्भाग्य की बात है। आएं दिनों महिलाओं पर होते अत्याचार मीडिया जगत की सुर्खियां बनते है। बावजूद इसके हमारे हुक्मरानों के कानों पर न कोई जूं रेंगती और न ही हमारे सभ्य समाज पर इन बातों का कोई असर होता है। हमारे पुरुष प्रधान समाज ने तो मानो महिलाओं पर अत्याचार को ही अपनी नियति मान लिया हो। तभी तो समाज में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचार का कोई असर नहीं दिखता। उसके खिलाफ आवाज़ उठाने के लिए कोई तैयार नहीं होता।*

*समाज कोई भी हो। चाहें वह सभ्य समाज हो या फिर पिछड़ा या अमीर। अत्याचार की शिकार महिलाएं हर जगह होती है। बस तरीक़े में बदलाव हो सकता है। वहीं गरीब और पिछड़ी महिलाओं पर होते जुल्मों की कोई कमी नही है। हमारे संविधान की धारा 14 हम सभी को समान अधिकार प्रदान करती है। लेकिन आज भी समाज के एक बड़े तबक़े की बात आती है तो रिश्तों के मायने बदल जाते है। जी हां पिछले दिनों ऐसी दो घटनाएं घटी जिसने यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है? इतना ही नहीं क्या जीवन जीने की स्वतंत्रता भी अब ग़रीबी-अमीरी देखकर तय की जाएगी? बता दें कि पहली घटना अमीर खान और किरण राव की है। जो अपनी मर्जी से तलाक ले रहे है। जिसे हमारा सभ्य समाज खुशी खुशी स्वीकार कर रहा है। तो वही दूसरी ओर अलीराजपुर में घटी एक घटना है। जहां एक लड़की को उसके भाई और परिवार के लोग सिर्फ इसलिए सरेआम पीटते है कि वह अपनी ससुराल से अपने मामा के घर आ जाती है। जिसकी सजा उसे पेड़ से लटकाकर डंडे मार कर दी जाती है। ये खबर भले ही हमारे अखबारों की सुर्खियां बनी हो। लेकिन इन सब बातों का किसी पर खास असर नही हुआ, क्योंकि अलीराजपुर की घटना एक साधारण सी महिला की है। अब ऐसे में बड़ा सवाल यहीं कि क्या अमीर परिवार के जीने का अलग तरीका होगा और गरीब का अलग? एक को जीवन में कब किसके साथ रहना है। कब नहीं रहना। हर बात की स्वतंत्रता है तो दूसरे को बिल्कुल नहीं? आख़िर ऐसा क्यों! क्या सिर्फ़ इसलिए क्योंकि वह छोटे से समाज से आती? ऐसे क़ायदे-क़ानून किस काम के जो अपने जीवन की डोर किसी दूसरे को थामने की इजाज़त दे?*



*किसके साथ रहना है। नहीं रहना है। यह अधिकार सिर्फ़ नामी-गिरामी लोगों को ही तय करने का हक थोड़े न? यह तय करने का अधिकार सभी को है। फिर ऐसे में अलीराजपुर की घटना को क्या कहा जाए? वैसे भी हमारे समाज मे दर्द तकलीफ के मायने भी हैसियत के अनुसार बांट दिए जाते है। यह भी एक सच्चाई है। जहां एक ओर किसी रहीस के घर जानवर को भी दर्द हो तो बहुत बड़ी खबर बन जाती है। वही दूसरी और कही कोई गरीब इंसान पर जुल्म की बेइंतहा हो तो भी उसकी पुकार कोई नही सुनता है। वही सबसे ग़लत यह हुआ है कि हमने समाज के इस दोहरे रवैये को सहज ही स्वीकार कर लिया है। आज समाज की व्यवस्थाओं के खिलाफ बोलने पर हमारे अपने ही घर में हमारी आवाज को दबाने का प्रयास शुरु हो जाता है और गर हम साहस जुटा भी ले तो समाज मे हमारी बगावत को हमारी मर्यादा से जोड़कर देखा जाने लगता है।*

*मालूम हो कि इतिहास गवाह है कि यहां पिता की जायजाद भले ही बेटे के नाम करने की प्रथा हो। लेकिन जब समाज के रीति रिवाजों की बात आती है तो उनका पालन सिर्फ़ महिलाओं को ही करना पड़ता है। कही न कही समाज मे महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार की प्रमुख वजह भी यही है। समाज कोई भी हो लेकिन परम्पराओं की बलि महिलाओं को ही चढ़ाया जाता है। ऐसे न जाने कितने रिवाज है जो सिर्फ महिलाओं के हिस्से ही लिखे जाते है। बात चाहे मुस्लिम समाज मे तीन तलाक की हो या फिर हिन्दू समाज मे बाल विवाह, कन्या दान या सती प्रथा की हो। हर रस्मों रिवाज का केंद्र महिलाएं ही होती है। वैसे कितनी अजीब बात है जब महिलाओं को समान शिक्षा या समान अधिकार की बात हो तो उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है।*

*इतना ही नहीं महिलाओं के साथ भेदभाव जन्म के साथ ही शुरू हो जाता है। उनके अपने ही घर से उन्हें यह शिक्षा दी जाती है कि उन्हें क्या करना और कैसे रहना है? और ग़लती से उसमें कुछ मिस्टेक हो गई या फ़िर महिलाएं अपने हिसाब से चलने की कोशिश करती है। तो समाज मान-मर्यादा का हवाला देकर अलीराजपुर जैसी घटना को अंजाम देता है। जो कहीं न कहीं न मानवता के लिहाज से सही और न संविधान सम्मत, लेकिन क्या करें कोई बोलने वाला नहीं तो जो चल रहा जैसा चल रहा। सब उचित ही लगता है। सोचिए कैसा अजीबोगरीब हमारा समाज है कि बच्चे को नाम पिता का देना होता है लेकिन जब बात उसकी परवरिश या देखभाल करने की हो तो उसकी जिम्मेदारी मां को ही उठानी पड़ती है। महिलाएं चाहे घर के काम करे या फिर बाहर जाकर। फिर भी घर आकर घर का चूल्हा चौका उन्हें ही करना। जैसे यह विधि का विधान बन गया हो।*

*देखा जाए तो हमारी सामाजिक व्यवस्था में पुरुषवादी सोच की जड़े इस कदर मजबूत है कि कोई महिलाएं चाहे भी तो इस व्यवस्था से बाहर नही निकल सकती है। और अगर महिलाएं इस व्यवस्था से बाहर निकलने की कोशिश कर ले तो उस पर हमारा अपना ही समाज ऊँगली उठाना शुरू कर देता है। समाज ही नहीं परिवार। परिवार ही नहीं लड़की के भाई और बाप ही। जो कहीं न कहीं अलीराजपुर में भी देखने को मिला और ये कोई हमारे समाज की अकेली घटना नहीं। ऐसे में अब समय आ गया है। जब एक महिला को खुद से सवाल करना होगा कि वह जिस समाज मे जी रही है। क्या वह समाज उसके मुफीद है या नहीं, क्योंकि एक ही संविधान तले किरण राव और अलीराजपुर की बेटी दोनो के लिए अलग-अलग से नियम क्यों? किरण राव और आमिर खान अगर मर्ज़ी से अलग-अलग हो सकते। तो क्या एक सामान्य लड़की को अपने तरीक़े से जीवन जीने का भी अधिकार नहीं?*

# भारी पड़ेगी प्रकृति को न समझने की भूल

**डॉ. वंदना सेन**

जल के अभाव में वसुंधरा सूख रही है। पेड़ आत्महत्या कर रहे हैं। नदियां समाप्ति की ओर हैं। कुए, बाबड़ी रीत गए हैं। यह एक ऐसा भयानक संकट है, जिसको हम जानते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं। अगर इसी प्रकार से चलता रहा तो आने वाला समय कितना त्रासद होगा, इसकी अभी मात्र कल्पना ही की जा सकती है, लेकिन जब यह समय सामने होगा तब हमारे हाथ में कुछ भी नहीं होगा। यह सभी जानते हैं कि प्रकृति ही जीवन है, प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। जब हम प्रकृति कहते हैं तो स्वाभाविक रूप मानव यही सोचता है कि पेड़ पौधों की बात हो रही है, लेकिन इसका आशय इतना मात्र नहीं, बहुत व्यापक है। प्रकृति में जितने तत्व हैं, वे सभी तत्व हमारे जीवन का आवश्यक अंग हैं। चाहे वह श्वांस हो, जल हो, या फिर खाद्य पदार्थ ही हों। सब प्रकृति की ही देन हैं। विचार कीजिए जब यह सब नहीं मिलेगा, तब हमारा जीवन कैसा होगा?

अभी बारिश का मौसम आ चुका है। इस मौसम में देश के अनेक हिस्सों से कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा पड़ने के समाचार मिलते हैं। इतना ही नहीं देश में अनेक संस्थाओं द्वारा पौधारोपण के कार्य भी किए जाते हैं। विसंगति यह है कि पौधारोपण करने के बाद उन पौधों का क्या होता है। यह सब देखने का समय हमारे पास नहीं है। पौधों के लिए जल ही जीवन है और पौधा भी एक जीवित वनस्पति है। अगर किसी पौधे का जीवन जन्म के समय ही समाप्ति होने की ओर अग्रसर होता है तो स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि ऐसा करके हम निश्चित ही एक जीवन की हत्या ही कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में हत्या के परिणाम क्या होते हैं, इसे बताने की आवश्यकता नहीं हैं, लेकिन यह सत्य है कि जिस पेड़ की असमय मौत होती है, उसकी आत्मा कराह रही होती है। हम अगर पेड़ या पौधे में जीवन का अध्ययन करें तो हमें स्वाभाविक रूप से यह ज्ञात हो जाता है कि जीवित वनस्पति जब मौत की ओर जाती है, तब उसकी क्या स्थिति होती होगी। अब जरा अपने शरीर का ही विचार कर लीजिए, उसे भोजन नहीं मिलेगा, तब शरीर का क्या हाल होगा।



वर्तमान में हम सब पर्यावरण प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। यह सब प्रकृति के साथ किए जा रहे खिलवाड़ का ही परिणाम है। हम सभी केवल इस चिंता में व्यस्त हैं कि पेड़ पौधों के नष्ट करने से प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन क्या हमने कभी इस बात का चिंतन किया है कि हम प्रकृति संरक्षण के लिए क्या कर रहे हैं। क्या हम प्रकृति से जीवन रूपी सांस को ग्रहण नहीं करते? क्या हम शुद्ध वातावरण नहीं चाहते? तो फिर क्यों दूसरों की कमियां देखने में ही व्यस्त हैं। हम स्वयं पहल क्यों नहीं करते? आज प्रकृति कठोर चेतावनी दे रही है। बिगड़ते पर्यावरण के कारण हमारे समक्ष महामारियों की अधिकता होती जा रही हैं। अगर हम इस चेतावनी को समय रहते नहीं समझे तो आने वाला समय कितना विनाशकारी होगा, कल्पना कर सकते हैं।

वर्तमान में स्थिति यह है कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए बातों से चिंता व्यक्त करते हैं। सवाल यह है कि इस प्रकार की चिंता करने समाज ने अपने जीवन काल में कितने पौधे लगाए और कितनों का संवर्धन किया। अगर यह नहीं किया तो यह बहुत ही चिंता का विषय इसलिए भी है कि जो व्यक्ति पर्यावरण के प्रभाव और दुष्प्रभावों से भली भांति परिचित है, वही निष्क्रिय है तो फिर सामान्य व्यक्ति के क्या कहने। ऐसे व्यक्ति यह भी अच्छी तरह से जानते हैं कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। यह संबंध आज टूटते दिखाई दे रहे हैं। प्राण वायु ऑक्सीजन भी दूषित होती जा रही है। वह तो भला हो कि ईश्वर के अंश के रूप में में भारत भूमि पर पैदा हुआ हमारे इस शरीर में ऐसा श्वसन तंत्र विद्यमान है, जो वातावरण से केवल शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करता है, लेकिन सवाल यह है कि जिस प्रकार से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, उसके अनुपात में पेड़ पौधों की संख्या बहुत कम है। इतना ही नहीं लगातार और कम होती जा रही है।

# भ्रम की राजनीति और भारतीय मुसलमान

**सुरेश हिंदुस्तानी**

भारत में प्रामाणिक बयानों का अपने हिसाब से अर्थ निकालना एक परिपाटी सी बन गई है। विसंगति यह है कि जो प्रचार किया जाता है, उसका मूल बयान से कोई सरोकार ही नहीं होता। एक नई बात गढ़ दी जाती है। इसी को भ्रम फैलाने वाली राजनीति कहा जाता है। अभी हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत के हिन्दू और मुसलमानों का डीएनए एक है। यह प्रामाणिक रूप से धरातलीय सच है। भारत के मुसलमान अगर अपने परिवार का अतीत खोजेंगे तो उन्हें भागवत जी के बयान में सत्यता दिखाई देगी। मीडिया तंत्र इस बात पर मंथन करे कि जब भारत में मुगलों का आक्रमण नहीं हुआ था, उस समय भारत में कोई मुसलमान था ही नहीं। अतः यह स्वाभाविक है कि आज हमारे देश में जो मुसलमान हैं, वे पूर्वज हिन्दू ही थे। फारुक अबदुल्ला कश्मीरी ब्राह्मण परिवार के वंशज हैं। इसी प्रकार अन्य मुसलमान की विरासत हिन्दू अवधारणा वाली ही है। जहां तक हिन्दू अवधारणा का सवाल है तो यही कहना समुचित होगा कि हिन्दू दर्शन किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं करता। इसी कारण कई मुसलमान घर वापसी कर रहे हैं। यह बात सही है कि वर्तमान में पाकिस्तान के नाम से पहचाने वाला देश पूर्व में भारत का ही हिस्सा रहा था। इसलिए उसका इतिहास भारत के बिना अधूरा है और इसी कारण भारत के मुसलमानों का इतिहास हिन्दू समाज या भारतीय समाज से अलग हो ही नहीं सकता। सच्चाई को स्वीकार करने का साहस होना चाहिए। सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान का कई बुद्धिजीवी मुसलमानों ने समर्थन भी किया है, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति के चलते मुसलमान मुख्य धारा से कट रहा है। उसे हिन्दू के नाम से डराया जा रहा है। जबकि वास्तविकता यही है कि मुसलमानों के त्यौहारों में हिन्दू समाज भी सहयोग करता रहा है। इसके विपरीत तुष्टिकरण की राजनीति के बहकावे में आकर मुसलमान भारत के मूल त्यौहारों से अलग होता जा रहा है। सवाल यह है कि इस प्रकार की राजनीति देश की एकता के लिए बड़ा खतरा है। मंथन इस बात का भी करना होगा कि दुनियाभर में जितने भी मुसलमान निवास करते हैं, उनमें सबसे ज्यादा सुरक्षित भारत में ही हैं। आज कुछ मुसलमान संदेह की दृष्टि से देखे जा रहे हैं, उसके पीछे भी सबसे बड़ा कारण स्वयं मुसलमान ही हैं, जो मुख्य धारा में आना भी चाहते हैं, लेकिन राजनीति ऐसा नहीं करने दे रही। उन्हें अपने वोटों की चिंता है।

भारत को स्वतंत्रता मिलने से पूर्व भारतीय समाज को तोड़ने का जो कुचक्र अंग्रेजों ने रचा था, भारत के राजनेताओं ने उसी नीति को आत्मसात करते हुए ऐसी राजनीति की कि आज समाज छिन्न भिन्न हो गया। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस छिन्न भिन्न समाज को एक करने का प्रयास कर रहा है तो इन राजनेताओं के पेट में दर्द उठना स्वाभाविक है। जहां तक वर्तमान

# विधान सभा चुनाव में दूसरे दलों से भिड़ने के पहले केप्टन अमरिंदर सिंह व नवजोत सिंह सिद्धू की आपसी भिडंत कहाँ पहुचेगी

**अशोक भाटिया**

राजनीति का जानकारी रखने वाले पाठको को याद होगा कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान अमरिंदर सिंह मुख्यमंत्री पद के लिए अपने नाम की घोषणा पर अड़ गए थे। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान को खुली चुनौती देते हुए पार्टी छोड़ने की भी धमकी दे दी थी। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने उस समय अमरिंदर सिंह को मना लिया था कि वे अगली बार सीएम पद के लिए आगे नहीं आएंगे । लेकिन, सत्ता चीज ही ऐसी है कि तमाम वादे और नियम-कायदे टूट जाते हैं। यही वजह रही कि बीते चार सालों में नवजोत सिंह सिद्धू के अमरिंदर सिंह के खिलाफ मुखर होने के मामले पर कांग्रेस आलाकमान ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वहीं, पंजाब में उपजे विवाद को खत्म करने के लिए बनाई गई कांग्रेस आलाकमान की तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट के निष्कर्ष भी कैप्टन के खिलाफ बगावत में बारूद भरने के लिए ही नजर आते हैं। माना जा रहा था कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व वाली इस समिति ने सोनिया गांधी को जो रिपोर्ट सौंपी थी। उसमें नवजोत सिंह सिद्धू को एक सम्मानजनक पद के साथ कैप्टन सरकार में वापसी कराने की वकालत की गई थी।समिति ने अमरिंदर सिंह को भी ताकीद कर दी थी कि कांग्रेस आलाकमान उनके इस अड़ियल रवैये से बिल्कुल भी खुश नहीं है। समिति ने कैप्टन को सिद्धू के साथ मतभेदों को भूलकर आगे बढ़ने की सलाह भी दी थी. लेकिन, अमरिंदर सिंह इसके लिए तैयार नहीं दिखे थे. वहीं, इससे उलट कैप्टन ने लंच डिप्लोमेसी के जरिये कांग्रेस आलाकमान के आगे अपना शक्ति प्रदर्शन कर सीएम पद के अपने दावे को और पुख्ता कर दिया. इसके साथ ही अमरिंदर सिंह ने शीर्ष नेतृत्व तक ये भी संदेश पहुंचाने की कोशिश की कि वह अपने स्टैंड पर झुकेंगे नहीं।करीब एक सप्ताह पहले नवजोत सिंह सिद्धू राहुल गांधी से मुलाकात करने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। जिसके बाद राहुल गांधी की ओर से कहा गया था कि सिद्धू के साथ उनकी मुलाकात तय नहीं है। इसी बीच सिद्धू के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा तारणहार बनकर उभरी. प्रियंका गांधी केवल नवजोत सिंह सिद्धू मिली ही नहीं। उन्होंने सिद्धू और राहुल के बीच मुलाकात कराने के लिए सोनिया गांधी के निवास से लेकर राहुल गांधी के घर तक कई चक्कर लगाए ।आखिर में प्रियंका गांधी को कामयाबी भी मिली और राहुल गांधी ने सिद्धू के साथ एक लंबी मुलाकात की. प्रियंका गांधी इन दिनों कांग्रेस में झगड़ों को सुलझाने में काफी एक्टिव नजर आ रही हैं।नवजोत सिंह सिद्धू भी अपने कई इंटरव्यू में पहले भी कह चुके हैं कि कांग्रेस में उनकी एंट्री की वजह प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ही है। अमरिंदर सिंह पर हमलावर रहे सिद्धू हमेशा ही कहते नजर आए हैं कि सबको पता है, उनके बॉस कौन हैं?



वहीं, सोनिया गांधी के साथ हालिया मुलाकात को छोड़ दें, तो कैप्टन अमरिंदर सिंह केवल कांग्रेस की तीन सदस्यीय समिति से ही मिले हैं। खैर, कांग्रेस की इस समिति से मिलना अमरिंदर सिंह की मजबूरी भी कहा जा सकता है. कांग्रेस में अपनी बात खुलकर रखने के लिए उन्हें भी एक मंच की जरूरत थी। जहां से उनकी आवाज शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच सके. दरअसल, हाल-फिलहाल तक तो सोनिया गांधी के दरवाजे भी कैप्टन के लिए बंद ही थे। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने पहले ही अमरिंदर सिंह से दूरी बना रखी है. ये स्थिति काफी चौंकाने वाले है कि अपने ही राज्य के एक सीएम से मुलाकातों का दौर पर कांग्रेस में काफी हद तक एकतरफा ही रहा। खैर, ये कहना गलत नहीं होगा कि कांग्रेस के नए शीर्ष नेतृत्व में अमरिंदर सिंह से ज्यादा नवजोत सिंह सिद्धू की पकड़ मजबूत है।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पंजाब में कांग्रेस के पास कैप्टन अमरिंदर सिंह के कद का कोई नेता नहीं है। यही वजह है कि कांग्रेस 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में कैप्टन के दम पर ही चुनावी मैदान में जाना चाहती है ।लेकिन, इसके लिए वह सिद्धू की कुर्बानी देने को तैयार नहीं है।

राहुल और प्रियंका गांधी मान चुके हैं कि पंजाब में कांग्रेस के भविष्य के नेता नवजोत सिंह सिद्धू ही होंगे।खैर, एक राजनीतिक दल के लिहाज से कांग्रेस की ये सोच जायज भी नजर आती है. लेकिन, कांग्रेस नेतृत्व इस कोशिश पर ज्यादा जोर दे रहा है कि दोनों नेताओं के बीच किसी भी तरह से विवाद का हल निकल जाए. माना जा रहा है कि कैप्टन को भरोसे में लेकर सिद्धू को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू की अहमियत का अंदाजा आप नेता और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान से लगाया जा सकता है।पंजाब के अपने हालिया दौरे पर सिद्धू को लेकर पूछे गए एक सवाल पर अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि मैं उनका सम्मान करता हूं। दरअसल, नवजोत सिंह सिद्धू खुले तौर पर कह चुके हैं कि वह पंजाब की ही राजनीति करेंगे। वहीं, कांग्रेस में अमरिंदर सिंह के बाद अगर कोई लोकप्रिय नेता है, तो वह नवजोत सिंह सिद्धू ही हैं ।करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर सिद्धू के एक्टिव होने से उन्होंने पंजाब में अपनी एक अलग फॉलोइंग भी डेवलप कर ली है ।सिख समुदाय में कैप्टन की लोकप्रियता के मुकाबले कम ही सही, लेकिन सिद्धू भी कुछ हिस्सा शेयर करते हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया टुडे के एक सर्वे के मुताबिक, पंजाब में अमरिंदर सिंह को 32 फीसदी लोगों ने मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी पहली पसंद बताया था। इस लिस्ट में सिद्धू 16 फीसदी लोगों की पसंद बनकर तीसरे स्थान पर थे. इसका सीधा सा मतलब निकलता है कि अमरिंदर सिंह के बाद पार्टी में लोकप्रियता के आधार पर सिद्धू अभी भी दूसरे नंबर के ही नेता हैं ।ऐसी हालातो में कैप्टन या सिद्धू की कौन कहे, आगे चल कर तो पंजाब में कांग्रेस का ही भविष्य तय होने वाला है। इन दोनों की रस्सा खिची और भाग दौड़ में कहीं कांग्रेस ही अपना नुकसान न कर बैठे क्युकी आप पार्टी नवजोत सिंह सिद्धू पर व भाजपा कैप्टन अमरिंदर सिंह पर नजर गड़ाए बैठी है।

# फोटो शेयर कर अदनान सामी बोले- मुझसे खाने को लेकर कभी बहस ना करें



भारत की नागरिकता ले चुके पाकिस्तानी मूल के गायक अदनान सामी एक समय जरूरत से ज्यादा मोटे हो गए थे। हालांकि कड़ी मेहनत के बाद अदनान ने पूरी तरह से अपना रूप बदल लिया है। हाल में अदनान ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर की है जिसमें वह काफी भारी-भरकम नजर आ रहे हैं। सिंगर अदनान सामी ने अपने बीते दिनों की एक फोटो ट्विटर पर शेयर की है, जब वह बहुत ज्यादा वजन बढ़ने की समस्या से जूझ रहे थे। सामी ने कहा कि वह उस समय बहुत खाना खाते थे और इसके कारण ही उनका वजन इतना ज्यादा बढ़ गया था। हालांकी अब सामी 230 किलो वजन से 75 किलो पर पहुंच गए हैं। सामी ने यह ट्वीट एक यूजर की प्रतिक्रिया को लेकर किया है, जिसने उनकी पत्नी रोया सामी खान द्वारा बनाई गई निहारी पर प्रतिक्रिया दी थी।

यूजर ने लिखा था, च्बहुत ज्यादा तेल, यह निहारी की तरह नहीं दिख रहा है लेकिन आप इसे निहारी बोलने के लिए आजाद हैं क्योंकि यह आपकी पसंद है।ज इसका जवाब देते हुए सामी ने अपनी थ्रो बैक तस्वीर शेयर की और लिखा, चरियली? क्या आप इस बेहद मोटे व्यक्ति को देख रहे हैं? यह मैं ही था। मैं अजवाइन खाकर ऐसा नहीं हुआ था बल्कि बहुत ज्यादा खाने से ऐसा हो गया था। मुझ से खाने को लेकर कभी बहस न करें, क्योंकि मैंने इस पर बहुत रिसर्च की है और बहुत खाया है। निहारी में हमेशा बहुत सारा घी होता है।ज वैसे बता दें कि अदनान सामी सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहते हैं। दरअसल पाकिस्तानी नागरिकता छोड़कर भारत की नागरिकता लेने के कारण अक्सर पाकिस्तानी ट्रोल उन्हें निशाने पर लिए रहते हैं। हालांकि अदनान भी उन्हें तीखा जवाब देते रहते हैं।

## वीडियो में ऊंट पर नजर आई अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया, साथ में बज रहा ओ बेटा जी गाना

अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया ऐंड्रियानी इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब छाई हैं। जॉर्जिया ने अब अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें बैकग्राउंड में ओ बेटा जी गाना सुनाई दे रहा है। इस



वीडियो में अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया ऊंट पर नजर आ रही हैं। इस दौरान वह कैमरे की तरफ मुड़कर पोज़ दे रही हैं। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने बैकग्राउंड में बज रहे गाने के कुछ वर्ड को शेयर किया है और लिखा है- ओह बेटा जी।बता दें कि फिल्म च्लूडोज में पंकज त्रिपाठी पर फिल्माए इस गाने ओ बेटा जी के बाद से यह इन दिनों हर किसी की जुबान पर चढ़ा है।हाल ही में ज़ॉर्जिया ने समंदर किनारे फोटोशूट वाली अपनी बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की थीं। उन्होंने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा था- समुद्र के किनारे पर तुम्हारी राह देखते हुए। बता दें कि जॉर्जिया बॉलिवुड में काम करने की इच्छा जता चुकी हैं और उन्होंने कहा भी था कि वह सलमान खान के साथ फिल्म करना चाहती हैं। अरबाज खान ने 2019 में एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि वह जॉर्जिया को डेट कर रहे हैं। जॉर्जिया अक्सर खान फैमिली के फंक्शंस में नजर आया करती हैं।

## उर्वशी रौतेला के इस वीडियो ने इंटरनेट पर मचाई है धूम, ऐक्ट्रेस ने बताया उनके नाम का क्या है मतलब

उर्वशी रौतेला का ग्लैमरस वीडियो सोशल मीडिया पर इस वक्त सुर्खियों में है। इस वीडियो में उर्वशी बला की खूबसूरत दिख रही हैं।



इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने अपने नाम का अर्थ भी बताया है। उर्वशी इस वीडियो में कैट वॉट करती दिख रही हैं। उन्होंने इसे शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, यानी दिल को वश में करने वाली। उर्वशी ने यह भी लिखा है कि उर्वशी का यह मतलब उन्होंने अभी-अभी जाना है। उर्वशी के इस वीडियो को लोग काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर कॉमेंट भी कर रहे हैं। उर्वशी रौतेला जल्द ही एक बायॉपिक फिल्म में नजर आने वाली हैं। उर्वशी वेब सीरीज च्इंस्पेक्टर अविनाशज में रणदीप हुड्डा की पत्नी पूनम मिश्रा का किरदार निभाती नजर आएंगी। थ्रिलर सीरीज पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा के जीवन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।

# प्रियंका चोपड़ा के रंग को लेकर अमेरिका के स्कूल की लड़कियां उड़ाती थीं मजाक, आत्मविश्वास टूट कर हुआ था चकनाचूर



प्रियंका चोपड़ा चोपड़ा ने बचपन में कई स्कूल बदले। हालांकि, वह इसे चैलेंज के तौर पर लेती थीं। तब प्रियंका केवल 13 साल की थीं जब वह अपनी आंटी के साथ पढ़ाई के लिए अमेरिकी चली गई, जहां से 3 साल के बाद ही वह लौट आईं। प्रियंका ने एक इंटरव्यू में बताया है कि आखिर ऐसा क्या हुआ था कि उन्हें वहां से स्कूल छोड़कर वापस इंडिया आना पड़ा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में पीपल मैगज़ीन से बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपनी लाइफ से जुड़ा कई किस्सा शेयर किया । प्रियंका चोपड़ा ने इसी बातचीत में बताया कि अमेरिका के स्कूल में उनके साथ ऐसा क्या हुआ था कि उन्होंने वापस इंडिया लौटने का मन बना लिया। प्रियंका चोपड़ा ने बाताया कि वहां उन्हें भारतीय होने की वजह से बुली किया जाता और सांवले रंग की वजह से वहां की लड़कियां उनका मजाक उड़ाया करती थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें कहा जाता था- ब्राउनी, तुम अपने देश वापस लौट जाओ। उन्होंने अपने साथ हुए बदसलूकी की बातें भी कही। प्रियंका ने बताया कि इन वजहों से उन्होंने अपना आत्मविश्वास खो दिया था। उन्होंने बताया कि इन सब बातों से उनका आत्मविश्वास हिल गया था और फिर उन्होंने अपने माता-पिता के वापस लौटने का फैसला ले लिया। अमेरिका का स्कूल छोड़कर प्रियंका वापस भारत लौट आईं और फिर उन्होंने आगे की पढ़ाई बरेली के आर्मी स्कूल से पूरी की। इसके बाद प्रियंका की मां ने उनकी कुछ तस्वीरें फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड के लिए भेज दी।

# तलाक के बाद कुछ ऐसी है रिद्धि डोगरा की जिंदगी, बोलीं- मुझे अब किसी की जरूरत नहीं

फैन्स को उस वक्त करारा झटका लगा था जब पॉप्युलर टीवी कपल रिद्धि डोगरा और राकेश बापट ने अपनी 7 साल की शादी को तोड़कर तलाक ले लिया था। किसी को यकीन नहीं हुआ था कि हमेशा एक-दूसरे के प्यार में डूबे रहने वाले रिद्धि और राकेश अलग हो रहे हैं।

**2019 में अलग हुए थे राकेश बापट और रिद्धि डोगरा:** रिद्धि डोगरा और राकेश बापट ने साल 2019 में तलाक ले लिया। दोनों ने एक साझा बयान कर फैन्स को इसकी जानकारी दी थी। वहीं बॉम्बे टाइम्स से बात करते हुए रिद्धी डोगरा ने कहा था, च्राकेश और मैं अच्छे दोस्त बने रहना चाहेंगे। हमारे बीच कम्पैटबिलिटी को लेकर इशू है। मैं इसे हम दोनों के लिए नाटकीय या दर्दनाक नहीं बनाना चाहती। हमने काफी सावधानी और मच्योरिटी के साथ इस स्थिति को संभालने की कोशिश की ताकि हम एक-दूसरे को या अपने परिवार को हर्ट न करें। हमें एहसास हुआ कि हम दोनों पार्टनर से ज्यादा दोस्त बनकर खुश रहेंगे।ज्अब रिद्धि डोगरा ने हाल ही दिए इंटरव्यू में कहा कि उन्हें खुद को कंपलीट करने के लिए अब किसी पार्टनर की जरूरत नहीं हैं और सिंगल ही खुश हैं। बॉम्बे टाइम्स के साथ बातचीत में रिद्धि ने कहा, च्जब 2019 में मेरा तलाक हुआ, तब मैंने अपनी जिंदगी को अपने हिसाब से जीना शुरू किया था। मैं कभी अकेले नहीं रही थी। लेकिन अचानक ही तलाक के बाद मैं घर में अकेली रह गई। मेरा भाई कुछ फ्लोर नीचे ही रहता है और मेरे नेफ्यू भी आते रहते हैं। देखा जाए तो जब 2020 में लॉकडाउन अनाउंस हुआ था उस वक्त मैं अकेले रहने के लिए तैयार हो चुकी थी। एक नई आम जिंदगी में हमें जीना सीखना था। मैं बस भगवान से प्रार्थना करती रही,



उनका शुक्रिया अदा करती रही। शायद इसीलिए मैं वह जंग जीत पाई। अब मैंने खुद के साथ ही एक बहुत हेल्दी रिश्ता बना लिया है।ज

**पार्टनर की कमी महसूस होती है, पर ये फेज़ इंजॉय कर रही हूंः** रिद्धि डोगरा से जब पूछा गया कि राकेश बापट से तलाक लेने और फिर से सिंगल होने के बाद उनकी जिंदगी कैसी कट रही है, तो उन्होंने कहा, च्हर कोई चाहता है कि जब वह घर वापस पहुंचे तो कोई उसका इंतजार कर रहा हो। जहां मुझे अभी भी एक पार्टनर की कमी महसूस होती है, वहीं मैं इस फेज़ को भी इंजॉय कर रही हूं। यह बहुत जरूरी है कि आप खुद से प्यार करें और सबसे पहले अपने साथ एक रिलेशनशिप बनाएं। ऐसे बहुत से लोग हैं जो शादी में भी अकेलेपन में जीते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि आप यह समझें कि आपको पूरा करने के लिए किसी की जरूरत नहीं है। आपकी लाइफ में चाहे कोई आए या जाए, पर इससे आपको फर्क नहीं पड़ना चाहिए। आपको खुद को लेकर शांति बरतने की जरूरत है। अपनी कमियां समझिए और जो अच्छी क्वॉलिटी हैं उनकी प्रशंसा करनी चाहिए।ज

**राकेश अभी भी मेरे लिए फैमिली हैं:** रिद्धि ने आगे कहा, च्राकेश और मैं कभी-कभी मिलते रहते हैं और मैं जानती हूं कि वह अभी भी मेरी फैमिली है। लोग सोचते हैं कि सिलेब्रिटीज तलाक ले लेते हैं और आगे बढ़ जाते हैं, पर यह सच नहीं हैं। ऐसा करने के लिए आपको बहुत गरिमा और सभ्यता की जरूरत होती है। मैं शुक्रगुज़ार हूं कि राकेश ने मेरी बहुत हेल्प की। हमारी दोस्ती अब शादी के फेज़ से निकलकर नए फेज़ में आ गई है और यह राकेश की वजह से हुआ।

# 18 सालों में इतना बदल गया कल हो ना हो का फ्रेंकी रामदयाल, अब आमिर खान को देता है ट्रेनिंग



क्या आपको फिल्म च्कल हो ना होज का वह सीन याद है, जिसमें शाहरुख खान एक पतले से लड़के को देखकर आवाज लगाते हैं रामदयालज फ्रेंकी रामदयाल फिल्म में एक डीजे बना था, जिस पर स्वीटू यानी डेलनाज इरानी का दिल आ जाता है और फिर शाहरुख दोनों की सेटिंग करवाते हैं। इस फिल्म का हर एक किरदार आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है। फ्रेंकी रामदयाल का किरदार भी कुछ ऐसा ही है, जो आज भी लोगों को याद है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस किरदार को किस ऐक्टर ने निभाया था और वह आजकल क्या करता है? इस ऐक्टर की जब आप लेटेस्ट तस्वीरें देखेंगे और काम के बारे में जानेंगे तो दिमाग ही चकरा जाएगा। फ्रेंकी रामदयाल का रोल दीपेश भट्ट ने निभाया था। 2003 से लेकर 2021 तक दीपेश भट्ट की एकदम कायापलट ही हो चुकी है। इन 18 सालों में चेहरे-मोहरे के साथ-साथ दीपेश भट्ट ने खुद को बहुत फिट बना लिया है। उनका यह बदला अवतार बेहद चौंका रहा है। दीपेश भट्ट आज एक सिलेब्रिटी फिटनस कोच हैं और आमिर खान, से लेकर जैकलीन फर्नांडिस, अर्जुन कपूर और जॉन अब्राहिम तक को ट्रेन कर चुके हैं। दीपेश ने जहां फिल्म च्पानीपतज के लिए अर्जुन कपूर को ट्रेन किया तो वहीं आजकल आमिर खान को फिल्म च्लाल सिंह चड्ढाज के लिए ट्रेन कर रहे हैं। आमिर को उन्होंने च्तलाशज और च्धूम 3ज के लिए भी ट्रेन किया था। इतना ही नहीं, दीपेश भट्ट इंडिया की पहली क्रॉसफिट जिम चशिवफिटज के को-फाउंडर और सिलेब्रिटी ट्रेनर भी हैं। बताया जाता है कि दीपेश भट्ट करीब 13 सालों से क्रॉसफिट वर्कआउट कर रहे हैं और इसकी ट्रेनिंग दे चुके हैं।

# पवन सिंह और अक्षरा सिंह का जख्मी प्यार फिर जमाने के सामने, गानों में एक-दूसरे के लिए नफरत

प्यार जब हद से ज्यादा गुजर जाता है और मुकाम हासिल नहीं कर पाता तो जानी दुश्मन बन जाता है। फिर एक-दूसरे को नीचा दिखाने के लिए हर काम करते हैं। फिर जमाना उसमें मिर्च-मसाला डालकर मजे लेता है। आजकल कुछ ऐसा ही कर रहे हैं भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के दो सितारे पवन सिंह और अक्षरा सिंह। इसमें खूबसूरती है। दुश्मनी है। रुसवाई है। बखिया उधेड़ है। दर्द है। प्यार है। धमकी है। जमाने को बताना है। खुद को दिखाना है। वजूद को समझाना है।

## पवन का अक्षरा पर सुरीला वार

भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार पवन सिंह और अक्षरा सिंह में प्यार तो नहीं रहा, ये जमाने को बताने की जरूरत नहीं है। दोनों इसे कुबूल कर चुके हैं। पुरानी रार एक बार फिर देखने को मिल रही है। वो भी कला के जरिए। गीतों में रुसवाई साफ दिख रही है। पवन और अक्षरा ने तीन दिन में 2 गानें रिलीज किए हैं। इसमें रिश्तों में दरार की बानगी दिखती है। 3 दिन पहले पवन सिंह ने एक गाना रिलीज किया था, जिसका टाइटल था– चजिससे फंसेगी, उसी को डंसेगी

**इसकी पहले से ही ऐसी फितरत है जी,**

**इसीलिए तो मुझे इससे नफरत है जी**

**पहले तो धीरे-धीरे दिल में बसेगी,**

**जिससे फंसेगी उसी को डंसेगी**

**मेरी न मानों तो पढ़ लो इतिहास में,**

**बदनाम कर गई जिसके भी पास में**

**बांहो से रोएगी भी तन से हंसेगी,**

**जिससे फंसेगी उसी को डंसेगी**

**साजन दीपक जो हमारा न होगा,**



**उसका कहीं भी गुजारा ना होगा**

**आंसू पवन को कभी ना डंसेगी,**

**जिससे फंसेगी उसी को डंसेगी**

6 लाइन के गाने के बोल से ऐसा लगता है वो खास तौर पर चकिसीज को टरगेट करके लिखा गया है। 2 मिनट 58 सेकेंड के वीडियो में भोजपुरी के लिए पहचान रखने वाले पवन सिंह इस खास गाने को हिन्दी में गाया है। इसका पिक्चराइजेशन भी काफी खूबसूरत है।

## अक्षरा का पवन को कातिल जवाब

पुराने प्यार की आग है, इतनी जल्दी से कहां से बुझने वाली थी। अक्षरा ने भी इसका माकूल जवाब दिया। जिसका जमाने को इंतजार था। 24 घंटा भी नहीं बीता कि इसका जवाब आ गया। अक्षरा ने नया गाना रिलीज किया। गाने का टाइटल है– चजिसका चाटता है उसी को काटता हैज

अक्षरा ने गाने के कैप्शन में लिखा– च्ये लो जी अब ये सुनो ।ज पोस्टर पर अक्षरा के साथ एक डॉगी का पिक्चर लगा हुआ है। उनके कैप्शन और पिक्चर से इस बात का संकेत मिलता है कि उन्होंने पवन सिंह के जवाब में इस गाने को रिलीज किया है। गाने के बोल भी पवन सिंह की तरह ही हिन्दी में है। गीत को सुनने के बाद पवन सिंह के देह में आग लग गई होगी। 3 मिनट 23 सेकेंड के वीडियो में गाने का आखिरी लाइन धमकी भरे अंदाज में खत्म होता है।

**कोई सगा नहीं है, जिसे तूने ठगा नहीं है**

**इतिहास की बात करते हो, तुमसे गंदा इतिहास किसका है**

**तू आदत से ही गंदा है, गद्दारी तेरी धंधा है**

**ये मैं नहीं सब जानते हैं...**

**तू गीध है गोश्त को नोंचनेवाला, किसको ज्ञान तू बांटेगा**

**हंस-हंस के जिसका चाटेगा, उसी का गर्दन काटेगा**

**क्या कहूं तेरे बारे में, कितना गिरा हुआ है**

**उसकी लाइफ नरक हो जाती, जिसको तूने छुआ है**

**तेरे सारे अपने छोड़ चुके हैं, अब तू किसको छांटेगा**

**खून से हाथ रंगे हैं, तू है एक हत्यारा**

**पर्दा पड़ा तेरे चेहरे पे, दारू तेरा सहारा**

**ये दुनिया तुझ पे थूक रही है, किसको-किसको डांटेगा**

**अभी मौन हूं, आगे पता चलेगा कि कौन हूं**

## कभी हिट जोड़ी थी अक्षरा-पवन की

आज एक-दूसरे की बखिया उधेड़ने पर उतारू पवन और अक्षरा सिंह एक वक्त में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की हिट जोड़ी थी। काफी लंबे समय तक दोनों रिलेशन में रहे। दोनों के रिश्ते में खटास उस वक्त आई जब अचानक पवन सिंह ने शादी कर ली। ज्योति सिंह से पवन की शादी के बाद अक्षरा टूट गईं। इसके बाद उन्होंने दर्द भरा एक गाना भी रिलीज किया था। जिसका बोल था– चजिस पगले को दिल से चाहा ।ज अक्षरा का ये एल्बम काफी हिट रहा था। कई जगहों पर मंच से उन्होंने इस गाने पर परफॉर्म भी किया। पवन सिंह और अक्षरा सिंह भोजपुरी के कई हिट फिल्मों में काम किया है। जिसमें प्रतिज्ञा, धड़कन, सत्या, सौगंध गंगा मैया की जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों की ऐक्टिंग को लोगों ने काफी पसंद किया। दोनों की बॉन्डिंग रियल लाइफ में भी दिखी। मगर रियल लाइफ में दोनों का रिलेशन परवान नहीं चढ़ सका। अब गानों के जिरए अपने नफरत का इजहार कर रहे हैं।

वन-टू-वन



# जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की सराहनीय पहल

जनपद के सभी निकाय क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक किया जाएगा सुद्रण

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा। जनपद के निकाय क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने नई पहल शुरू की है। डीएम ने जनपद के नौ निकाय क्षेत्रों में रोस्टर के माध्यम से सफाईकर्मियों की ड्यूटी मोहल्लावार लगाकर साफ सफाई करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने साफ सफाई हेतु बनाए गए रोस्टर एवं सफाईकर्मियों की नामवार, मोहल्लावार सूची जनपद एटा की बेबसाइट पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। समस्त अधिशासी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्वयं भ्रमण कर मॉनीटरिंग करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देश पर वर्तमान में संचारी रोग नियंत्रण अभियान जारी है, अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जनसामान्य को जागरूक किया जाना अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचाव करने हेतु अपने आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई रखी जाए। कहीं पर भी जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होने जनसामान्य से अपील की कि सफाईकर्मियों की सूची जनपद की बेबसाइट पर उपलब्ध है। जनसामान्य द्वारा मजींण्दपबण्पद पर जाकर सफाईकर्मियों एवं निगरानी समिति के सदस्यों की सूची देखी जा सकती है, साथ ही उपलब्ध कराये गए मोबाइल नम्बर पर अपने सुझाव एवं शिकायत भी दर्ज कराई जा सकती है। संचारी रोगों पर नियंत्रण, रोकथाम हेतु सभी नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें निगरानी समितियां वार्डवार इसकी देखरेख कर रही हैं। सफाईकर्मियों का रोस्टर एवं निगरानी समितियों के सदस्यों का मोबाइल नम्बर बेबसाइट पर उपलब्ध है। नगर पालिका, नगर पंचायत के किसी भी वार्ड, मोहल्ले में साफ सफाई संबंधी समस्या, शिकायत होने पर जनसामान्य द्वारा कन्ट्रोलरूम नम्बर 05742234320, 234327 एवं टोलफ्री नम्बर 18001803841 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।



# महावीर धाकड के जन्मदिन पर आजोजित रक्तदान शिविर मे 26 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक की रिपोर्ट**

श्योपुर राष्ट्र भक्त युवा संगठन द्वारा बडौदा क्षेत्र के युवा समाज सेवी महावीर धाकड बडौदा के 26वे जन्मदिन के अवसर आयोजित रक्तदान शिविर मे 26 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रुप से रक्तदान किया जिन्हें अतिथियों द्वारा माला एंव प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया रक्तदान शिविर मे इन रक्तदाताओं ने किया रक्तदान गिर्राज नागर ,अभिषेक नागर, दीपक गुर्जर, नरेंद्र शर्मा, हरिओम सुमन, पवन नागर, ओमप्रकाश नागर, हितेश शर्मा, लक्की सिंह चौहान, रितिक नागर,मोंटी गोस्वामी, प्रमोद नागर, हेमंत नागर, नरेंद्र धाकड भरत नागर, निकास मीणा, हरिओम नागर,महेश नागर, गोविंद नागर ,अनिश नागर, नीरज नागर,नरेंद्र नागर, विशाल धाकड आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया कार्यक्रम मे अतिथि के रुप मे स्वः मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास अध्यक्ष महावीर गुप्ता, पुष्पाश्री फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण ओसवाल, राष्ट्र भक्त युवा संगठन जिलाध्यक्ष संजय मंगल,धर्मसिंह चौधरी, दिनेश साहू, सोंई मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा, दीनू मीणा परसावत, गौरव आचार्य, विशाल शर्मा पाडोंला, विशाल आचार्य सहित ब्लड बैंक स्टाफ डॉ.मुकेश मीणा,अरविंद पटेल, शिवराज अटेरिया, मानषीगर्जभिय ,कमल किशोर सुमन,राजेंद्र मोगिया आदि मौजूद थे ।

# पुलिस ने पकड़े बंदूक सहित दो चोर, की बरामद तीन भैंसें

## संपत्ति संबंधी अपराध में गोहद पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद। एंडोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मिली। संपत्ति संबंधी अपराध में गोहद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें 3 भैंसें, 12 बोर की बंदूक, एक जिंदा राउण्ड, एक 315 बोर का कट्टा मय जिंदा राउण्ड के पकड़े गए दो अपराधियों से बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना एण्डोरी द्वारा 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनसें 03 चोरी गई भैंसे, 12 बोर बंदूक, एक जिंदा राउण्ड, एक 315 बोर का कट्टा मय जिंदा राउण्ड के बरामद किए हैं। भिंड पुलिस के द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधो पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह द्वारा जिले में समस्त राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारियों को विशेष रूप से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया





गया है। जिसके अंतर्गत अति पुलिस अधीक्षक भिण्ड कमलेश खरपुसे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद नरेन्द्र सोलंकी के मार्गदर्शन मे उक्त अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष कार्य योजना निर्मित की गई है। इसी तारत्मय में दिनांक 13 जुलाई 2021 को थाना प्रभारी एण्डोरी उ0नि0 ब्रजमोहन सिह भदौरिया ने गस्त के दौरान ग्राम कैथोदा के बीहड़ मे 02 व्यक्ति जिनका नाम रवि गुर्जर पुत्र मायाराम गुर्जर उम्र 26 साल निवासी पारसेन थाना विजोली जिला ग्वालियर तथा बिजेन्द्र पुत्र जग्गनाथ गुर्जर उम्र 47 साल निवासी ग्राम ककरारी थाना विजोली जिला ग्वालियर को 12 बोर की बंदूक मय जिंदा राउण्ड, एक 315 बोर का कट्टा मय एक जिंदा राउण्ड और 03 चोरी की गई भैंसो के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने पर यह पता चला कि उक्त भैंसे बिजेन्द्र पुत्र जग्गनाथ गुर्जर उम्र 47 साल निवासी ग्राम ककरारी थाना विजोली जिला ग्वालियर, दीपा गुर्जर, इन्द्रभान गुर्जर और रघुराज गुर्जर पुत्र पहलवान सिह गुर्जर निवासीगण पारसेन थाना विजोली ने दिनांक 10 जुलाई 2021 को ग्राम चंदूपुरा थाना महाराज पुरा जिला ग्वालियर रात्रि में चोरी की थी जिसे वह किसी व्यक्ति को देने जा रहे थे। पूछताछ करने पर यह पता चला कि रवि गुर्जर से 12 बोर की जो बंदूक जप्त हुई है वह चोरी की गई बंदूक है। उक्त 12 बोर बंदूक पर अंकित नम्बरो को मिटाया गया है।

यह सामान हुआ बरामद-03 चोरी भैंसे, 12 बोर बंदूक, एक जिंदा राउण्ड, एक 315 बोर का कट्टा मय जिंदा राउण्ड सहित चोरों को पकड़ने एवं भैसों को बरामद करने में उ0नि0 ब्रजमोहन सिंह भदौरिया थाना प्रभारी एण्डोरी, प्र0आर0 संतोष सिंह भदौरिया, प्र0आर0 देवेन्द्र सिह, कार्य प्र0आर0 पवन कुमार, आर. योगेन्द्र किरार, आर. नवीन शर्मा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# सफाई कर्मचारीयों का शोषण बंद कर कलेक्टर रेट से वेतन का भुगतान एवं ईपीएफ कटौत्रा किया जाएः गुड्डू वाल्मीकि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव(ब्यूरो)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेबर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू संजय वाल्मीकि ने नगर परिषद मेहगांव सीएमओ के नाम लेखापाल हरिमोहन श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से एडवोकेट गुड्डू संजय वाल्मीकि ने बताया है कि नगर परिषद मेहगांव में सफाई कर्मचारीयों का शोषण किया जा रहा है जिसे यूनियन द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । नगर परिषद मेहगांव में अस्थाई सफाई कर्मचारीयों को 8400/- रूपये वेतन का भुगतान किया जा रहा है जोकि श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन इंदौर तथा कार्यालय कलेक्टर भिंड द्वारा जारी अकुशल श्रमिक की न्यूनतम




मजदूरी दर 8700/- से कम है एवं सफाई कर्मचारीयों को ईपीएफ कटौत्रा नहीं किया जा रहा है जबकि कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम,1952 तथा मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार सफाई कर्मचारीयों का ईपीएफ कटौत्रा किया जाना अनिवार्य है लेकिन नगर परिषद मेहगांव के अधिकारियों द्वारा श्रम विधि में दिए प्रावधानों एवं शासन के आदेश की अवहेलना की जा रही है अतः अस्थाई सफाई कर्मचारीयों को न्यूनतम मजदूरी दर अधिनियम 1948 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए 8700/- रूपये वेतन का भुगतान एवं कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 में दिए प्रावधानों का पालन करते हुए ईपीएफ कटौत्रा किया जाए तथा वर्षों से कार्य कर रहे सफाई कर्मचारीयों को शासन के आदेशानुसार विनियमितिकरण किया जाए । राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि यदि मांगो पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो यूनियन द्वारा नगर परिषद मेहगांव के अधिकारियों की उच्च अधिकारियों से शिकायत कर जन आंदोलन किया जाएगा एवं सफाई कर्मचारीयों को न्याय दिलाने के लिए माननीय न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू संजय वाल्मीकि ने ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन, आयुक्त श्रम विभाग मध्यप्रदेश शासन, आयुक्त कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर तथा भिंड कलेक्टर को भेजी। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे, प्रदेश मीडिया प्रभारी रजत बंटी पाथरे,संतोष गोंदिया, धर्मेंद्र,राहुल, संतोंष मोरे, दिनेश, रामवीर, जयश्री राम, बबलू, जितेन्द्र, तोताराम,महेश, प्रमोद आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

भिंड - संकुल प्राचार्य रामराज सिकरवार के द्वारा कर्तव्यों का पालन न करने के सम्बंध में

# अखिल भारतीय विधा परिषद ने सौपा 11 सूत्रीय ज्ञापन




**पुष्पांजली टुडे**

भिंड संकुल प्राचार्य रामराज सिकरवार के द्वारा कर्तव्यों का पालन मैं करने के संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा 11 सूत्री ज्ञापन जिलाधीश महोदय सतीश कुमार एस

10 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण और एक शिक्षक से वेतन एरियर निकालने के सम्बंध में प्राचार्य सिकरवार पर 5000 रु मांगने का आरोप,एक ओर जिलाधीश द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रति सजगता और दूसरी तरफ संकुल प्राचार्य की उदासीनता बनी चर्चा का विषय,ज्ञापन में abvp संगठन ने संकुल प्राचार्य पर कार्यवाही की माँग।

## मंत्री ने नहीं की मुलाकात चयनित शिक्षक संघ ने जताया विरोध

भोपाल।शिक्षक पात्रता परीक्षा में चयनित हुए अभ्यर्थियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। फिलहाल चयनित शिक्षकों के दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। अभ्यर्थी चाहते हैं कि जल्द से जल्द यह प्रक्रिया संपन्न हो और उन्हें नियुक्ति दी जाए। अपनी इसी मांग को लेकर चयनित शिक्षक संघ के करीब 150 पात्र अभ्यर्थी सोमवार को सुबह तकरीबन दस बजे स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार के बंगले पर पहुंचे। वहां उनकी मंत्री से मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद चयनित शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। चयनित शिक्षक संघ का कहना है कि वर्ष 2018 में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले सितंबर महीने में शिक्षकों की भर्तियां निकाली थीं। स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कल्याण विभाग द्वारा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के माध्यम से सयुंक्त पात्रता परीक्षा के अंतर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक के 19,220 पद पर एवं माध्यमिक शिक्षक के 11,374 पद पर भर्ती निकाली गई थी।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में युवा कांग्रेस ने थाली , ताली बजाकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)।देश प्रदेश की जनता महंगाई की मार झेल रही है इस करोना महामारी में महंगाई आसमान छू रही है आज मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस डॉ.राजकुमार देशलहरा एवं भिण्ड युवा कांग्रेस जिला संयोजक दीपू दुवे द्वारा संयुक्त रूप से ताली,थाली का आयोजन किया गया ताली थाली बढ़ती हुई महंगाई पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में हो रही निरंतर वृद्धि को लेकर निकाली गई सैकड़ों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा ताली,थाली परेड चौराहा से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गो में होते हुए कलेक्ट्रेट पर पर ताली थाली का प्रदर्शन का समापन हुआ इस दौरान पर जिला संयोजक युवा कांग्रेस द्वारा महंगाई बेरोजगारी एवं डीजल पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिला



संयोजक दीपू दुबे ने कहा की भाजपा सरकार युवा एवं किसान विरोधी सरकार है यह सरकार आदमी का खून चूसने का काम कर रही है पेट्रोल प्रति लीटर ?111 से ऊपर हो गया है वहीं डीजल का भाव प्रति लीटर 100 रुपए का आंकड़ा छू गया है और रसोई गैस 915 रुपए का एक सिलेंडर हो गया है जिससे छोटे व मध्यम वर्गीय परिवार के लोगों का बजट बिगड़ गया है डीजल पेट्रोल महंगा होने से सभी सामग्री महंगी हो गई हैं केंद्र सरकार और राज्य सरकार को टैक्स घटाकर डीजल और पेट्रोल की कीमत को कम कर देना चाहिए इस मौके पर युवा कांग्रेस भिंड प्रभारी तारीख पठान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डा. राजकुमार देशलहरा,डॉ राधेश्याम शर्मा,आशुतोष शर्मा,विवेक पचौरी, श्रीमती ममता मिश्रा, इंजी.राजू लोधी,युवा कांग्रेस के जिला संयोजक सुरेन्द्र सिंह बघेल,किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रमोद शुक्ला, प्रदेश सचिव तहसील साह शुक्ला, युवा कांग्रेस जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह बघेल, राहुल सिंह कुशवाह,विक्की राजावत, अरविंद सोनी,गोहद विधानसभा अध्यक्ष बंटी गुर्जर , युवा कांग्रेस विधानसभा संयोजक राहुल उपाध्याय,कुलदीप भारद्वाज, आशीष लोधी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस सेवा दल ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे**

पाली। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा तथा जिला कांग्रेस सेवादल की ओर से केंद्र सरकार द्वारा बेतहाशा बढ़ती महंगाई, लगातार बढ़ते पेट्रोल-डीजल के दामो के खिलाफ,आज पाली जिला मुख्यालय पर अध्यक्ष मोहन हटेला के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ धरना प्रदर्शन कर, हस्ताक्षर अभियान चलाकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व प्रदेश में बिजली गिरने की प्राकृतिक आपदा से काल कवलित हुए लोगो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रधांजलि दी।

इस दौरान पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, विधानसभा चुनाव प्रत्याशी महावीरसिंह राजपुरोहित सुकरलाई, पूर्व जिलाध्यक्ष अज़ीज़ दर्द,पूर्व शहर अध्यक्ष प्रकाश साँखला, गांधी -150 के जिला सह संयोजक जीवराज बोराणा, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी,पार्षद आमीन अली रंगरेज़, अमराराम पटेल, प्रकाश चौधरी,रतन उदेश, लाल मोहम्मद, ज्ञान प्रकाश दवे,अमराराम दयालपुरा, सुल्तान लाहोरी,जयसिंह सोकड़ा, महावीर कटारिया, अरुण पाण्डे, नरायण लाल कुमावत, रासासिंह रावत,जसाराम परिहार, रामसिह इन्दा,दिनेश दवे, फूआराम मीणा, ताराचंद टाक, कन्हैया लाल परिहार,भुपेश मेवाड़ा,ढलाराम सेन, माणक लाल गर्ग, राजेन्द्र



मेघवाल, देवीसिंह दूडिया, किशोर बरसिया, मांगीलाल गेहलोत,केवलराम,मदन बंजारा,भूराराम देवासी, पुखराज परमार, लक्मण मेगवाल,नारायण लाल पुसल, जगदीश प्रजापत, श्याम वगोरिया, घनश्याम भाटी,लक्मण कचछवाहा, धनराज आर्य, सुरेश भाटी, राजेश वैष्णव, मधुसूदन दवे,अमराराम देवासी, गणपत दर्जी,अशोक वाल्मीकि, बाबूलाल बंजारा,विनोद चावरिया, अजयपाल सिंह जोधा, कानाराम भाटी, रेहमान छिपा, मांगीलाल दौलपुरा,कानाराम बमनिया, छोटूलाल मेवाड़ा, प्रकाश मेघवाल ,कपिल राजपुरोहित, गिरधारीलाल मीणा,नंदेश्वर जोशी, राजूसिंह ,राजूसिंह पटेल, कंवरलाल माली राजूसिंह रावत, हरिसिह चौहान, भवानी सिंह, देवेंद्र चौहान, अरविंद सिंह ने रास, सोहन पालीवाल, चेनाराम राव हीरालाल मेघवा गवल, धनाराम सरगरा, सुरेश बंजारा ,सांवलराम मेंगवाल, कमल अवस्थी, कानाराम सिणगारी, सहित समस्त जिले से भारी संख्या में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्त्ता उपस्तिथ हुए।

## वन-टू-वन

### गृहमंत्री मिश्रा का कांग्रेस के प्रदर्शन पर कटाक्ष

भोपाल। राजधानी के औद्योगिक क्षेत्र में रविवार को हुए बवाल के बाद राजनीति गरम है। कांग्रेस के इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र ने तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि जिनकी उम्र मंदिर की सीढ़ियां चढ़ने की है, वे बैरिकेड्स पर चढ़ रहे हैं। नरोत्तम मिश्र ने सोमवार को यह बयान दिया है। दिग्विजय सिंह रविवार से ही सुर्खियों में हैं। गृहमंत्री ने कहा कि उन्हें बहुत दुख है कि 75 वर्षीय दिग्विजय को इस उम्र में मंदिर की सीढ़ियां चढ़ने चाहिए, लेकिन उन्हें बैरिकेड्स पर चढ़ना पड़ रहा है। मिश्र ने कहा कि ऐसे में सवाल पैदा होता है कि कहां गई एनएसयूआई और कहां गए युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता जो मजबूरी में एक बुजुर्ग को प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। नरोत्तम ने यह भी कहा कि पूरी कांग्रेस दिग्विजय, कमलनाथ, जयवर्धन और नकुल नाथ पर आकर सिमट गई है। बुजुर्गों के नेता दिग्विजय और कमलनाथ, युवाओं के नेता जयवर्धन और नकुल नाथ, बाकी कांग्रेस अनाथ। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन चंद कार्यकर्ताओं को साथ लेकर किया था। क्योंकि जनता इनके साथ नहीं है। ये अभी तो केवल दर्शन दे रहे हैं। दिखा रहे हैं कि कोरोना के विश्राम के बाद कांग्रेस कुछ कर रही है।

### एआईसीसी सदस्य विश्वबंधु राय के पत्र से गरमाई मप्र की राजनीति

भोपाल। एआईसीसी सदस्य विश्वबंधु राय द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिए एक पत्र से राजनीति गरमा गई है। इस पत्र को भाजपा के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के साथ ही कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा है। विजयवर्गीय ने लिखा - दिग्विजय सिंह को कांग्रेस की कब्र खोदने वाला बताते हुए उनकी जुबान पर लगाम लगाने की मांग राय ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से की है। मि. बंटाढार तो अपना काम करेंगे ही, लेकिन सवाल यह है कि कांग्रेस का नेतृत्व इतना कमजोर बेबस और लाचार क्यों है। दरअसल, विश्व बंधु राय ने सोनिया गांधी को एक पत्र लिखकर कहा है कि दिग्विजय सिंह की जुबान पर लगाम लगाने की जरूरत है। इस पत्र में उन्होंने 13 पॉइंट में दिग्विजय सिंह के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2003 में मप्र के सत्ता से बेदखल होने के बाद से दिग्विजय सिंह पार्टी के हिंदू वोटरों को लगातार नाराज करते आए हैं। वे एक विशेष वर्ग के वोटरों को खुश करने के लिए लगातार हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने में लगे हैं। इससे हिंदू वोटर कांग्रेस से लगातार खिसक रहा है। पिछले दिनों कश्मीर में धारा 377 फिर से लगाने की बात पर दिग्विजय सिंह ने बचे-खुचे हिंदू वोटरों को भी नाराज कर दिया है। ये जिस राज्य के प्रभारी रहे हैं, वहां पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा है। मप्र में कमलनाथ सरकार को अस्थिर करने में इनकी भूमिका की जांच होनी चाहिए।

### 23 हजार पंचायतों के 52 हजार गांवों में ठप रहा काम

भोपाल। मप्र की जनपद पंचायत सीईओ और सचिव रोजगार सहायक की एक दिन की हड़ताल की वजह से 52 हजार गांवों के लोग परेशान हुए। सोमवार को उनके जनपद और ग्राम पंचायत से जुड़े तमाम कामकाज पूरी तरह ठप हो गए। हड़ताल की वजह खरगोन में जनपद सीईओ और धार में उपयंत्री की आत्महत्या है। इन घटनाओं को लेकर हड़ताली सख्त कार्रवाई न होने से नाराज हैं। उनका कहना है कि अगर सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। मप्र पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी,उपयंत्री, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक आज जिला मुख्यलयों पर एक दिवसीय हड़ताल कर रहे हैं। प्रदेश में 23 हजार पंचायतों के 52 हजार गांवों का कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

### अब भुगतान पत्रक में कृषि उपज की किस्म होगी दर्ज

भोपाल। व्यापारियों को अब भुगतान पत्रक व ई अनुज्ञा पोर्टल में कृषि उपज की किस्म दर्ज करना होगी। 21 जून को मंडी बोर्ड ने आदेश जारी किया था, जिसका पालन अब पूरी तरह से होगा। प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड ने कृषि उपज मंडियों के सचिवों को पत्र जारी किया है, जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि भुगतान पत्रक व ई-अनुज्ञा में कृषि उपज के नाम के साथ किस्म की प्रविष्ठी अनिवार्य रूप से करने तथा ई-अनुज्ञा पोर्टल पर प्रत्येक व्यापारी के खाते में कृषि उपजों का स्टाक किस्म वार संधारित करने के लिए सभी अनुज्ञाप्तिधारी व्यापारी को अवगत कराएं और इस नियम को लागू करें। मंडी बोर्ड से मिले आदेश का अब पूरी तरह से पालन होगा। आदेश आने के बाद से ही व्यापारियों को नए नियम से अवगत कराया जा रहा है। अब पूरी तरह नए नियम का पालन कराने के निर्देश प्राप्त हो गए हैं, इसलिए एक फिर व्यापारियों और मंडी कर्मचारियों से कहा गया है कि नए नियम पर ही अब पूरी प्रक्रिया होगी।

### राज्यपाल ने किया राजभवन परिसर का अवलोकन

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को राजभवन परिसर का अवलोकन किया। राजभवन के उद्यानों, इमारतों और व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों और कर्मचारियों से चर्चा की। श्री पटेल ने कहा कि राजभवन में स्वच्छता और संधारण व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वच्छता के कार्य नियमित रूप से हो। कर्मचारी परिसर के रहवासियों को सामुदायिक स्वच्छता के कार्यों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए। नियमित आधार पर रोस्टर बनाकर स्वच्छता के कार्यों की व्यवस्थाएँ की जाएं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि इमारतों में जहां भी मरम्मत की आवश्यकता होए उसे शीघ्र कराया जाए।

# ग्रीन भिण्ड की अवधारणा को लेकर कार्य करें स्वयं सेवी संगठन:कलेक्टर

**नीरज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड( ब्यूरो )।मध्यप्रदेश शासन द्वारा अंकुर कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वायुदूत एप्लीकेशन के माध्यम से पौधे का फोटो अपलोड करना है स्वयंसेवी संस्थाओं का यह नैतिक दायित्व है कि ग्रीन भिण्ड की अवधारणा को लेकर कार्य करें उक्त बात कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में कही। वे जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित स्वयंसेवी संस्थाओं और समाजसेवियों की बैठक में बोल रहे थे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजीत मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार गोयल सहित जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदौरिया और 40 से अधिक स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि आगामी 8 अगस्त को जिले में वृहद वृक्षारोपण होना है इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है इसके लिए समस्त




विभागों को एक लक्ष्य दिया गया है लेकिन यह कार्य केवल विभागों का नहीं है इसमें स्वयंसेवी संगठनों और समाज सेवियों की भी प्रमुख भूमिका है अतः इस बैठक का उद्देश्य भी अपने शहर को किस तरह हरा-भरा बनाएं इसको लेकर रखा गया है। आप सभी समाजसेवी संस्थाओं और समाज सेवियों से का आवाहन करता हूं कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर सरकार की मंशा को साकार करें डॉ अजीत मिश्रा ने कहा कि भिण्ड के स्वाभिमान को जिंदा रखने के लिए इस अभियान में प्राणपण से जुटना होगा, तभी हम शासन की मंशा अनुरूप लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। आप जो भी पौधे का रोपण करें उसे वायूदूत एप्लीकेशन पर जरूर अपलोड करें इस अवसर पर समाजसेवियों तथा स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार भी व्यक्त किए।

इस बैठक में इंदिरा गांधी चौराहे से लेकर बस स्टैंड तक और इंदिरा गांधी चौराहा से लेकर सर्किट हाउस तक इसके साथ मालनपुर से लेकर भिण्ड तक तथा गौरी सरोवर पर वृहद वृक्षारोपण की रूपरेखा भी तैयार की गई। इसमें कई संगठनों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए बैठक का संचालन आभार प्रदर्शन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदौरिया ने किया।

## हरियालो राजस्थान का संकल्प पूरा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर वृक्ष वितरित किए

**नेनाराम सिरवी, पुष्पांजली टुडे**

पाली। पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत रुपावास में भारतीय जनता पार्टी के बुथ प्रभारी हरिभाई पटेल की प्रेरणा से हरियालो राजस्थान के तहत पर्यावरण संरक्षण बचाव का संकल्प पुरा करने के लिए गांव व घरों में जाकर महिला व पुरुषों को 21 फलदार व छायादार विभिन्न प्रकार के पौधे वितरित किया और उसी अवसर पर पटेल ने संदेश दिया है कि पेड़-पौधों के बिना मनुष्य जीवन अधूरा है पेड़ो से मिलने वाली हर चीज मुक्त मिलती है फिर भी हम पेड़ो के प्रति मनुष्यों की रूचि कम है प्रत्येक व्यक्ति को जितना हो सके पेड़ पौधे लगाकर इस धरती माता का श्रृंगार करना चाहिए जिससे हमें पर्यावरण,



ऑक्सीजन, बारिश व अन्य आवश्यक वस्तुयें निशुल्क प्राप्त होती है वहीं उसी पर यह अभियान चलाया जा रहा है।

इस मौके पर भाजपा ओ बी सी महिला मोर्चा सदस्य नाजू देवी ऑजणा पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल गुडिया राठौड़ सुमित कांदली रमेश मुंजी उदाराम नरसिंह राम चौथाराम पटेल खेताराम भाटी जगदीश हिरागर बाबुलाल खोरवाल ढलाराम घॉची सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 30 दिन के अन्दर दें बिल्डिंग परमीशन : मंत्री भूपेन्द्र सिंह

**भोपाल**



प्रस्तावित मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम-2021 का प्रकाशन कर 15 दिन में आमजन से आपत्ति/सुझाव प्राप्त किये जायें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यह निर्देश विभागीय नियमों पर चर्चा के दौरान दिये। श्री सिंह ने कहा कि बिल्डिंग परमीशन 30 दिन के अन्दर देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी निर्धारित समयावधि से अधिक समय के आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास निकुंज श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए सर्वर भी अपडेट किया जा रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों में चलने वाले कार्यों का एस.ओ.आर. रिवाइज करें। उन्होंने कहा कि इससे गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने में सहूलियत होगी। सिंह ने कहा कि शहरी आजीविका मिशन के तहत आवंटित राशि का सदुपयोग सुनिश्चित करें। ट्रेनिंग के लिए पैरामीटर निर्धारित कर योजना की सतत मानीटरिंग करें। स्व-सहायता समूहों को ट्रेनिंग देकर बैंक लिंकेज करवायें। यह योजना अब सभी 407 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है। श्री सिंह ने कहा कि पेयजल और सीवरेज का काम समय पर नहीं करने वाले कांट्रेक्टर्स के विरूद्ध कार्यवाही करें। नये संशोधन के अनुसार कंपाउडिंग से संबंधित प्रकरणों के निपटारे के लिए शिविर लगाये जा सकते हैं।

## राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ.श्रद्धा तिवारी सम्मानित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा मध्य प्रदेश शासन से नव नियुक्त राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ. श्रद्धा तिवारी को सम्मानित किया गया।समारोह में पं. योगेंद्र दुबे, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह, संतोष दुबे, एम एल शर्मा, राम शंकर शुक्ला, दुर्गेश पांडे, आशुतोष तिवारी, राकेश उपाध्याय, श्रीमती सपना शुक्ला, संस्कृति शुक्ला व सात्विक शुक्ला आदि उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में पं. योगेंद्र दुबे ने शिक्षा के प्रति डॉ श्रद्धा तिवारी की निष्ठा, त्याग, व समर्पण को नमन करते हुए उन्हें अग्रणी शिक्षादूत बताया। अध्यापक प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक श्री मुकेश सिंह ने कहा कि डॉक्टर तिवारी के शिक्षा सलाहकार बनने से प्रदेश के शैक्षिक विकास को गति मिलेगी। श्री आशुतोष तिवारी ने कहा कि डॉ तिवारी शिक्षक - शिक्षार्थी और सरकार के बीच सेतु का काम कर शैक्षिक प्रगति का आधार बनेंगी।श्री संतोष दुबे ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में डा तिवारी के साहसपूर्ण दायित्व निर्वहन, त्याग और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि अब आपकी कार्यक्षमता एवं ऊर्जा का शिक्षा जगत के उन्नयन में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा ।

## राज्यपाल पटेल ने उज्जैन के सेवाधाम आश्रम में वृद्ध और दिव्यांगों से की मुलाकात

**भोपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि उज्जैन के सेवाधाम आश्रम में पीड़ित मानवता के सेवा कार्य को देखकर अभिभूत हूँ। अलग-अलग तरह की समस्याओं से संघर्ष कर रहे बच्चों, युवाओं और वृद्ध जन की समान रूप से सेवा का जो संकल्प आश्रम में देखने को मिला है, वह अनुकरणीय और सराहनीय है। राज्यपाल पटेल आज उज्जैन के ग्राम अंबोदिया स्थित सेवाधाम आश्रम में हो रहे सेवा कार्यों का अवलोकन कर, उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश में अपने प्रथम भ्रमण के दौरान उज्जैन पहुँच कर सेवाधाम आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, महिलाओं, बालिकाओं एवं निराश्रित बच्चों से भेंट की। रहवासियों से उनके स्वास्थ्य, शिक्षा आदि की व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। राज्यपाल पटेल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति निश्शक्त नहीं होता है। यदि उसमें कुछ कमी होती है, तो कोई दूसरी दिव्य



शक्ति उसे मिलती है। उन्होंने कहा कि आश्रम की नेत्र बाधित बालिका का गायन इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि धनार्जन के लिए जिस तरह का भाव लोगों में होता है। यदि ऐसा ही भाव सेवा कार्यों में हो, तो समाज की व्यवस्थाओं में बहुत बड़ा सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी परिस्थितियों के कारण जिनकी उपेक्षा परिजन भी कर देते हैं। ऐसी पीड़ित मानवता की सेवा आश्रम में सुधीर भाई गोयल एक सन्त की तरह देख भाल कर रहे हैं। उनकी सराहना करते हुए कहा कि गोयल 32 वर्षों से सेवाधाम आश्रम का संचालन कर पीड़ित मानवता की सेवा कर रहे हैं। सेवा का यह रूप अभिनंदनीय और अनुकरणीय है। सेवाधाम आश्रम में सभी बच्चों की बहुत अच्छी तरह से देखभाल की जा रही है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि सभी लोग स्वस्थ रहें, निरोगी रहें और प्रसन्न रहें। उन्होंने कहा कि आश्रम आकर उन्हें बहुत ही अच्छा लगा है और वे पुनः सेवाधाम आश्रम आयेंगे। राज्यपाल पटेल ने ई-रिक्शा में बैठकर सेवाधाम आश्रम परिसर और पूर्ववर्ती राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल द्वारा आश्रम में भिजवाई गई सामग्री का अवलोकन किया। उन्होंने आश्रम की रहवासी दिव्यांग महिलाओं से भेंट की। उन्हें दिव्यांग महिला नीलिमा ने कविता सुनाई। इस अवसर पर आश्रम परिसर में त्रिवेणी बरगद, पीपल और नीम के पौधों का रोपण किया। गौरी पूजन कर गौमाता को चारा एवं गुड़ खिलाया। उन्होंने सेवाधाम आश्रम में ही भोजन भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल को स्मृति प्रतीक के रुप में महाराजा विक्रमादित्य की प्रतिमा भेंट की गई।

### बाजार रात 10 बजे तक खुलेंगे, कोरोना की स्थिति नियंत्रण में पर सतर्कता आवश्यकः मुख्यमंत्री

# विवाह कार्यक्रम में अधिकतम 100 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे

**भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है। कन्फर्म केस मात्र 18 और एक्टिव केस केवल 296 हैं। प्रदेश के 44 जिलों में कोरोना का कोई प्रकरण नहीं है। केवल 8 जिलों में एक-दो प्रकरण शेष हैं। इस स्थिति को देखते हुए राज्य शासन ने कुछ और गतिविधियों में छूट देने का निर्णय लिया है। अब शादी विवाह में अधिकतम 100 व्यक्ति और अंतिम संस्कार में 50 व्यक्ति सम्मिलित हो सकेंगे। सिनेमा घरों का संचालन 50 प्रतिशत क्षमता के साथ किया जा सकेगा। रेस्टोरेंट अब शत-प्रतिशत क्षमता से संचालित किये जा सकेंगे और बाजार रात 10 बजे तक खुले रहेंगे।

मुख्यमंत्री चौहान मंत्रालय में कोरोना की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ.प्रभुराम चौधरी, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा बैठक में उपस्थित थे। कोविड-19 कोर ग्रूप के सभी मंत्री, जिलों के प्रभारी मंत्री व अधिकारी बैठक में वर्चुअली सम्मिलित हुए।

**तीसरी लहर को बेअसर करना है**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण को लेकर सतर्कता आवश्यक है। दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों में प्रकरण बढ़ रहे हैं। केरल और महाराष्ट्र में प्रकरण कम नहीं हो रहे हैं। अगस्त में प्रकरण बढ़ने का पूर्वानुमान है। प्रदेश में तीसरी लहर को बेअसर करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। जिलों के प्रभारी मंत्री तथा अधिकारी सतर्कता और सक्रियता बनाये रखें। कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करने के लिए जनता को निरंतर प्रेरित किया जाये। कोरोना संक्रमण पर सतर्कता के लिए प्रदेश में जारी जीनोम सिक्वेंसिंग की जानकारी



भी बैठक में दी गई।

**प्रदेश के नए 18 प्रकरणों में से 8 भोपाल और 3 इंदौर के**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के लिए भोपाल और इंदौर पर विशेष नजर रखी जाए। इन शहरों में अन्य राज्यों से आवागमन है तथा भोपाल इंदौर से राज्य के अन्य जिलों में भी पर्याप्त आवागमन रहता है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 18 कन्फर्म केस में 8 भोपाल, 3 इंदौर, 2 जबलपुर और नीमच, राजगढ़, सागर शिवपुरी, सिंगरौली के 1-1 प्रकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त शेष सभी 44 जिलों में अब कोरोना का कोई प्रकरण शेष नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण पर नजर रखने के लिए प्रतिदिन 72 हजार से अधिक टेस्ट किये जा रहे हैं। रविवार को भोपाल में 6476, इंदौर में 9693, जबलपुर में 5726, ग्वालियर में 2455, सागर में 1436, शिवपुरी में 1321, राजगढ़ में 1436, सिंगरौली में 905 और नीमच में 805 टेस्ट किये गये।

**75 प्रतिशत से कम टीकाकरण वाले जिलों की मुख्यमंत्री करेंगे समीक्षा**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सितम्बर तक शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु की 37 प्रतिशत जनसंख्या का टीकाकरण हो चुका है। इंदौर में 78त्न, भोपाल 69त्न, शहडोल में 55त्न और उज्जैन में 51त्न पात्र लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। देवास, अनूपपुर, पन्ना, खरगोन, सीधी, उमरिया, सतना, भिंड और विदिशा में टीकाकरण को गति देने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि टीकाकरण में 75त्न से कम प्रगति वाले जिलों की पृथक से समीक्षा की जायेगी।

**वन-टू-वन**



## कलेक्टर ने बंधौली पहुंचकर गौशाला का किया अवलोकन

ग्वालियर। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मंगलवार को जनपद पंचायत मुरार की ग्राम पंचायत बंधौली में संचालित गौशाला देखने पहुँचे। शिव गौशाला का संचालन माँ शेरोवाली स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। इस गौशाला में 80 गौवंश हैं। गायों को हरा चारा उपलब्ध कराने हेतु 15 बीघा में चारागाह निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सीईओ जनपद मुरार को निर्देशित किया है कि गौशाला को और बेहतर बनाने के लिये सभी जरूरी कार्य किए जाएं। गौशाला के संचालन में ग्रामीणों की सहभागिता भी हो, यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत किशोर कान्याल, जनपद सीईओ राजीव मिश्रा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सिंह को भ्रमण के दौरान शासकीय तालाब पर अतिक्रमण की शिकायत मिलने पर एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए गए कि तत्काल शासकीय तालाब का सीमांकन करें और अतिक्रमण हटाने के पश्चात तालाब गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम एच बी सिंह राजस्व अमले के साथ अतिक्रमण स्थल पर पहुँचे और ग्रामीणों के समक्ष ही सीमांकन कराया गया। तालाब की पार डालने के कार्य के साथ-साथ तालाब गहरीकरण का कार्य भी प्रारंभ कराया गया।

## पार्टनरशिप से हटाया तो साझेदार ने पांच करोड़ की लगाई चपत

ग्वालियर। एक क्रेशर संचालक ने अपने साझेदार को पार्टनरशिप से हटाया तो उसने न पांच करोड़ रुपए की जमीन के साथ ही मशीनों को बेच डाला धोखाधड़ी का पता चलते ही पीड़ित विश्वविद्यालय थाने पहुंचा और शिकायत की। इसके साथ ही न्यायालय में परिवाद दायर किया न्यायालय ने परिवाद की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। जिस पर विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार श्रीराम कॉलोनी निवासी 72 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद पुत्र एमएल खण्डेलवाल क्रेशर संचालक हैं और उसमें वेतन प्रसाद गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता साझेदार हैं। कुछ समय बाद उनके बीच विवाद हुए तो चेतन प्रसाद को पार्टनरशिप से अलग कर दिया। जिसके बाद दस्तावेजों में हेरफेर कर चेतन ने उक्त बेच दिया। इसका पता चलते ही उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से को और न्यायालय में परिवाद लगाया न्यायालय ने मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश पुलिस को दिए। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक की लाश मिली

ग्वालियर। शहर के जनक गंज थाना क्षेत्र में स्थित डॉ कमल कमल किशोर की गली के पास आज सुबह एक युवक की लाश मिली है पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि डॉ कमल किशोर की गली के पास एक युवक की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को कब्जे में लिया पुलिस को मृतक के पास गांजे की एक पुड़िया भी मिली है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए तो मृतक की शिनाख्त तारागंज निवासी सोमनाथ पुत्र दाताराम जाटव उम्र 24 साल के रूप में हुई।। पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## स्टेज पर बेटा-बहू के साथ फोटो खिंचाने गई दूल्हे की मां; गहने से भरा बैग चोरी

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शादी समारोह से गहनों से भरा बैग चोरी का एक वीडियो सामने आया है। एक सूटबूट वाला बच्चा चोर स्टेज के पास पहुंचता है और दूल्हे की मां का बैग चोरी कर ले जाता है। वारदात उस समय की गई जब दूल्हे की मां बैग चेयर पर छोड़कर बहू-बेटा के साथ फोटो खिंचाने में व्यस्त थी। बैग में नकदी समेत 4 लाख के गहने थे। घटना दो दिन पहले संगम गार्डन की है। चोरी का जब पता लगा तो पुलिस ने छानबीन की। गार्डन में लगे CCTV कैमरे में बच्चा चोर की पूरी हरकत कैद हो गई है। बच्चा चोर के साथ एक युवक भी था। वारदात के बाद यह गार्डन के बाहर खड़ी सफेद रंग की कार में सवार होकर भाग गए।

# नकली नोट गिरोह पकडा, गिरोह से 02 लाख 33 हजार रुपये के नकली नोट किये बरामद

**ग्वालियर।** ग्वालियर की पुरानी छावनी थाना पुलिस ने नकली नोटों को खपाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश कर उनकी निशानदेही पर से दो लाख 33 हजार रूपये के दो सौ, एक सौ के 4700 नकली नोट बरामद कर लिये हैं। पुलिस नकली नोट बनाने तथा उन्हें खपाने वाले अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। यह नकली नोट उत्तर प्रदेश और बिहार से लाकर खपाये जा रहे थे।



पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने पत्रकारों को बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि देश में विभिन्न स्थानों पर नकली करेंसी की सप्लाई मार्केट में की जा रही है, जिनका अगला निशाना शहर ग्वालियर का मार्केट होने वाला है। उक्त सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा समस्त थाना राजपत्रित अधिकारियो व थाना प्रभारियो को अलर्ट रहकर नकली करेंसी की सप्लाई करने वालो पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के निर्देशन में सीएसपी महाराजपुरा रवि भदौरिया को 27 जून को सूचना मिली कि बदनापुरा निवासी एक व्यक्ति इस समय नकली नोटों को अपने पास रखे हुये है जो बाजार में नकली नोट असली के रुप में चलाने के लिये काले रंग एक्टिवा डेस्टिनी से जा रहा है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी पुरानी छावनी सुधीर सिंह कुशवाह व उप निरीक्षक अजय सिंह सिकरवार के नेतृत्व में दो टीमें तैयार कर कार्यवाही हेतु तत्काल रवाना किया गया। उक्त टीम द्वारा दिनांक 27 जून को कार्यवाही कर बदनापुरा निवासी एक व्यक्ति को नकली नोटो के साथ गिरफ्तार किया। जिसके पास से 200 व 100 रुपये के 4700 रुपये नोट मिले। पकडे गये आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उक्त नोट आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम निवासी उसके दोस्त रूसी करकुल्ली ने उसे मार्केट में चलाने के लिये दिये है । पुलिस ने रूसी के बिशाखापटअनम जाते समय वारंगल स्टेशन तेलंगाना से रूसी करकुल्ला को जीआरपी की मदद से ट्रैन से पकड लिया। उतरवाकर पूछताछ हेतु ग्वालियर लाया गया। दौराने पूछताछ आरोपी द्वारा नकली नोटो की सप्लाई के संबंध में खुलासा करते हुये बताया कि उसके पास 03 लाख 60 हजार रुपये के नकली नोट है उसके दोस्त जो कि येलमन चिली का प्रसाद विशाखापटनम में रहता है उसने दिलवाये थे। उसने कुछ नोट खर्च कर दिये बचे हुये 4-5 नोट बदनापुरा में रखे है आरोपी रोहन बेडिया के यहां बताये । पुलिस ने रोहन की निशानदेही पर नकली पांच नोट बरामद कर लिये। वहीं पुलिस टीम द्वारा आरोपियों का पीछा कर मुंबई से आगरा में सिकंदरा के पास हाईवे पर सुनसान स्थान पर आरोपी एक अन्य व्यक्ति के साथ मोहम्मद यूसूफ निवासी गोरखपुर मिला जिसे पीआर शुदा आरोपी द्वारा पहचानने पर दोनो व्यक्तियो को डील करते हुये पकडा जिसके हाथ में पिट्ठू बैग की तलाशी ली तो एक लाख रुपये के नकली नोट रखे हुये मिले।

## पड़ोसी ने नहाते समय महिला का वीडियो बनाया संबंध बनाने का दबाव मना करने पर वीडियो वायरल

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के किशनबाग मे रहने वाले युवक ने अपने पड़ोस में रहने वाली महिला का नहाते समय वीडियो बना लिया और उस पर संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। महिला ने इनकार कर दिया तो आरोपी ने उसका वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसारबहोड़पुर थाना क्षेत्र के किशनबाग निवासी तीस वर्षीय महिला ने शिकायत की है कि उसके घर के बगल में चांद खान पुत्र हाकिम खान रहता है, चांद खान अपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर दुष्कर्म सहित अन्य मामले दर्ज हैं। कुछ दिन पहले वह नहा रही थी तो चांद खान ने उसका वीडियो बना लिया। जिस समय वह वीडियो बना रहा था।

# नवीन कलेक्टर गाइडलाइन 31 अगस्त तक स्थगित रखी जाए: एमपीसीसीआई

**ग्वालियर।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा भवन एवं भूमि के पंजीयन हेतु नवीन कलेक्टर गाइडलाइन लागू किए जाने की तिथि को 15 जुलाई से बढाकर 31 अगस्त किए जाने के संबंध में आज मुख्यमंत्री- शिवराज सिंह चौहान, वाणिज्यिक कर मंत्री- जगदीश देवड़ा, ऊर्जा मंत्री- प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद- विवेक नारायण शेजवलकर को पत्र प्रेषित किए गये हैं एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि कोविड-19 के कारण लागू लॉकडाउन के चलते भवन एवं भूमि को क्रय करने के इच्छुक लोग इस अवधि में रजिस्ट्री नहीं करा सके हैं वर्तमान में स्थिति सामान्य होने पर जब क्रेता भवन अथवा भूमि के पंजीयन हेतु पंजीयन कार्यालय पहुंच रहे हैं, तब उन्हें स्लॉट नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण वेटिंग बढती ही जा रही है पूर्व में नवीन कलेक्टर गाइडलाइन 1 जुलाई से लागू होने की चर्चा के कारण भी पंजीयन कार्यालय पर भीड़ हो रही थी, जिसके कारण कोविड गाइड लाइन का पालन संभव नहीं हो पा रहा था हमारे द्वारा इस परेशानी पर शासन को पत्र प्रेषित कर, नवीन कलेक्टर गाइडलाइन को लागू करने की अवधि को बढाए जाने का अनुरोध किया गया था, जिस पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा नवीन कलेक्टर गाइडलाइन को लागू किए जाने की तिथि को बढाकर 15 जुलाई कर दिया गया था



एमपीसीसीआई ने पत्र में उल्लेख किया है रियल एस्टेट का कारोबार कोविड-19 के कारण अभी मंदी के दौर में है और यदि ऐसी स्थिति में जमीन की कीमत बढाने नई गाइडलाइन लागू की जाती है, तो इससे इस सेक्टर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा कोरोना की द्वितीय लहर के कारण यह कारोबार पूर्ण रूप से ठप्प रहा है और वैज्ञानिकों द्वारा अगस्त-सितम्बर माह में तीसरी लहर आने की संभावना व्यक्त की जा रही है इसलिए यह आवश्यक है कि प्रॉपर्टी की नवीन गाइडलाइन को अभी लागू नहीं किया जाए और अभी मौजूद गाइडलाइन को ही जारी रखा जाए मध्यप्रदेश में पूर्व से ही भूमि एवं भवन का पंजीयन शुल्क और भूमि के रेट काफी ज्यादा हैं, ऐसे में जमीन की कीमतें बढाकर, नई गाइडलाइन लागू की जाती है तो इसका प्रभाव प्रत्येक वर्ग पर पड़ेगा।















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ **एम.पी.एच.आई.एन. /31130**
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**